अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C
सेंसेक्स 81,118.60
निफ्टी 24,718.60
सोना 1,03,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 15 जून 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 200 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**10 मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने वर्ल्डकप में जीता गोल्ड**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## 100 ताबूत होंगे तैयार, मृतकों का आंकड़ा 275 पर पहुंचा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूतों का ऑर्डर दिया गया।

बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एयर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों का डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 6 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि पूर्णिमाबेन पटेल का शव उनके परिवार को सौंपा गया है। एक और परिवार को बॉडी हैंडओवर की प्रक्रिया जारी है। 8 घायलों इलाज का चल रहा है, इसमें एक की हालत गंभीर है। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमार्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।



**डीएनए जांच में अब तक छह शवों की पहचान हुई**

**अहमदाबाद विमान हादसा**

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच करेगी उच्चस्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगी थी।

## सरकार ने फिर बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेट की तारीख

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी, लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है, तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है।



### मोदी आज से 18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से 18 जून के बीच कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा पर जाएंगे और वह कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री मोदी पहले चरण में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर 15-16 जून, 2025 को वहां की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में रहते हुए श्री मोदी श्री क्रिस्टोडोलिड्स के साथ बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

### युवा उद्यमियों के समर्पण से भारत वैश्विक ड्रोन केंद्र बनेगा: पासवान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि युवा उद्यमियों के समर्पण के माध्यम से भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाया जा सकता है। श्री पासवान शनिवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की नई कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन कर ड्रोन तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दूरदर्शी प्रयासों के लिए गरुड़ एयरोस्पेस और इसके संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को अग्निश्वर जैसे युवा उद्यमियों और गरुड़ एयरोस्पेस जैसी नवोन्मेषी कंपनियों के समर्पण के माध्यम से वास्तव में साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्वदेशीकरण फैक्ट्री में स्थानीय पुर्जा निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने के लिए भारत ड्रोन एसोसिएशन की भी सराहना की।

### योग पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विश्व को योग की उपयोगिता समझ में आ रही है और लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, प्रो. एचआर नागेन्द्र और भिक्खु संघसेना शामिल रहे।

# इजरायली हमले में 138 ईरानियों की मौत

## मृतकों में नौ न्यूक्लियर साइंटिस्ट व 20 से ज्यादा कमांडर्स शामिल

**तेहरान/तेल अवीव, वार्ता**

**इजरायल और ईरान** के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने शुक्रवार रात 10.30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे।

ईरान ने भी शुक्रवार रात इजरायली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजरायल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7 जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजरायली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजरायल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजरायल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। ईरान ने दावा किया है कि उसकी दर्जनों मिसाइलों ने इजरायली शहरों को नुकसान पहुंचाया है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इजरायली हमले में मारे गए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के -शेष पृष्ठ दो पर



- इजरायली रक्षा मंत्री की धमकी, और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे
- ईरान का पलटवार, 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, इजरायल में अब तक तीन लोगों की मौत, सात जवानों सहित 90 से अधिक घायल

### ईरान ने इजरायल के दो लड़ाकू विमान मार गिराए: मीडिया

**तेहरान/यरूशलम।** ईरान की वायु रक्षा ने इजरायल के दो लड़ाकू विमानों के साथ-साथ बड़ी संख्या में माइक्रो एरियल वाहनों को मार गिराया एवं एक महिला इजरायली पायलट को पकड़ लिया है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ईरानी सेना ने आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। इजरायल रक्षाबलों (आईडीएफ) ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया। एक बयान में आईडीएफ अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्रेई ने आरोपों को 'पूरी तरह से निराधार' कहा।

## मानसून ने कहर बरपाना किया शुरू

### पुणे में गाड़ियां बहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है। वहीं राजस्थान के जैसलमेर में शनिवार सुबह बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 23 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। इससे पहले श्रीगंगानगर में एक जून 2018 को 49.1 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था। श्रीगंगानगर में जून महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 14 जून 1934 को 50 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी, पंजाब-हरियाणा समेत देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हिमाचल के चंबा जिले में लैंडस्लाइड हुई। हरियाणा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि महिलाएं गर्मी के पीक आवर्स में खाना न बनाएं। इसके साथ यह भी कहा है कि प्यास न हो तब भी पानी पीते रहें।

- मप्र में दो दिन बाद मानसून आएगा, हरियाणा सरकार बोली- महिलाएं दोपहर में खाना न बनाएं

### CBI ने ईपीएफओ अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** सीबीआई ने ओडिशा में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, बरहामपुर के एक वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक को 10,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने एक शिकायत के आधार पर 12 जून को ईपीएफओ अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने ईपीएफओ पोर्टल पर एक निजी नियोक्ता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आवेदन को मंजूरी देने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

## द. अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियन का पहना ताज

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका की 2025 की टीम ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्डस में एक शानदार अभियान का अंत किया और ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया।

- रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर जीता खिताब

## आईईडी विस्फोट में CRPF का जवान शहीद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के माओवाद प्रभावित सुंदरगढ़ जिले के के. बलांग थाना क्षेत्र में एक पत्थर खदान के पास तलाशी अभियान के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने के कारण सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन का एक जवान शहीद हो गया।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में उस समय विस्फोट हुआ, जब सीआरपीएफ के जवान जंगल में तलाशी अभियान चला रहे थे। विस्फोट के कारण उत्तर प्रदेश निवासी सीआरपीएफ जवान सत्यभान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि पिछले महीने बांको पत्थर खदान से सशस्त्र माओवादियों द्वारा लगभग पांच टन विस्फोटक सामग्री लूटने के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया है।

- तलाशी अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट

### मणिपुर में 57 किलो से अधिक मादक पदार्थ किया जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने 57.285 किलोग्राम मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 22 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान चलाए गए अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना अंतर्गत न्यू कीथेलमनबी पुलिस चौकी पर इंफाल से आए ट्रक को रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली और छत के अंदर छिपा कार रखे हुए संदिग्ध प्रतिबंधित सामान को जब्त किया।

## नीट यूजी: राजस्थान के महेश बने टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 अंक प्रतिशत हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। एनटीए ने नीट यूजी 2025 के लिए सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) -शेष पृष्ठ दो पर



- मप्र के उत्कर्ष अवधिया दूसरे व महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे

### 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है।

## IMA से ही शुरू हुआ था श्रीलंका सेना प्रमुख का सफर

### पीओपी परेड में ली बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने सलामी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को आयोजित 156वीं पासिंग आउट परेड खास बन गई।

पहली बार आईएमए के एक पूर्व कैडेट ने बतौर श्रीलंका सेना प्रमुख परेड की सलामी ली। निरीक्षण अधिकारी श्रीलंका सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने कहा कि वह यहां आकर भावुक हैं। उनके सैन्य जीवन की शुरुआत भी इसी धरती से हुई थी। यहीं अनुशासन सीखा और जीवन के मायने समझे। कहा कि आप सभी में मुझे अपना ही अक्स दिखाई दे रहा है। आईएमए के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश -शेष पृष्ठ दो पर



### संयुक्त स्नातक परेड में 254 फ्लाइट कैडेट भारतीय वायुसेना में शामिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के पास डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की गई, जिसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के 254 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण का सफल समापन संपन्न हो गया। इस परेड में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और स्नातक कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तेजिदर सिंह और एएफए के कमांडेंट एयर मार्शल पीके वोहरा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के सात अधिकारियों और एक विदेशी प्रशिक्षु को उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और कैडेटों के परिवार भी मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर लगेंगे 40 हजार पेड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) दिल्ली- देहरादून के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए निर्माणाधीन आर्थिक गलियारे पर सघन वृक्षारोपण करेगा और इस अभियान के तहत 40 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। एनएचएआई ने बताया कि प्राधिकरण बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ ही पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रहा है और इसके तहत शनिवार को उत्तर प्रदेश में बागपत के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली- देहरादून आर्थिक गलियारे में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत पहला पौधा लगाया। इस मौके पर एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, बागपत की जिला मजिस्ट्रेट अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, उप-खंड मजिस्ट्रेट अविनाश त्रिपाठी और अन्य जिला अधिकारी शामिल थे।

### माफिया अड्डा बन रहे हैं प्राइवेट स्कूल: सिसौदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने निजी स्कूलों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्राइवेट स्कूल माफिया के अड्डे बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर आज कहा कि दिल्ली में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को छुट्टी के बाद स्कूल में रोककर रखने की सजा दी गई, क्योंकि उनके माता-पिता स्कूल वैन के नाम पर प्राइवेट स्कूल की लूट से बचाना चाहते हैं और खुद उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं! दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने एक स्कूल का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा कि एक प्राइवेट स्कूल पैसों की होड़ में बच्चों को कमरे में बंद कर रहा है।

### मणिपुर के हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एक ऑपरेशन चलाया और इस दौरान 328 हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को पांच जिलों के बाहरी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान, एसएलआर और इंसास राइफलें, पांच कार्बाइन बंदूकें, पांच एमपी5 बंदूकें, दो एलएमजी और 12 एके राइफलें बरामद की।

# हवाई यात्रा करने से डरने लगे लोग: अखिलेश



**फर्रुखाबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश ने कहा कि अब लोग हवाई यात्रा करने से डरने लगे हैं। वे फर्रुखाबाद शहर के मोहल्ला पल्ला निवासी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, जिनका शुक्रवार को लखनऊ में निधन हो गया था।

उन्होंने लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली थी। वह लंबे समय से अस्पताल में भर्ती थे। शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने फर्रुखाबाद पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया और उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि हमारे नेता हम लोगों के बीच नहीं रहे। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनता जानना चाहती थी कि चूक कहां से हुई। हाल ही में अहमदाबाद में बड़ी घटना हुई, यात्रियों को खोया, पायलट क्रू मेंम्बर को खोया, बड़े पैमाने पर डॉक्टर और उनके परिवार के लोगों को खोया।

# अमेरिका इंसानियत का दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इजरायल के ईरान पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा है। उन्होंने अमेरिका पर इजरायल को समर्थन देने का आरोप लगाया और मुस्लिम देशों से एकजुटता का आह्वान किया। मौलाना मदनी ने गाजा में जारी हिंसा पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इजरायल ने जिस तरह ईरान की परमाणु स्थापनाओं और आवासीय इलाकों को निशाना बनाया, वह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और वैश्विक नियमों की पूरी तरह अवहेलना है। मौलाना मदनी ने कहा कि इजराइल की यह आक्रामक नीति अमेरिका और पश्चिमी देशों के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका को हथियारों का



■ इजरायल की बर्बरता अमेरिका की मदद के बिना नामुमकिन

व्यापारी और इंसानियत का दुश्मन बताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका उन सभी मुस्लिम देशों को निशाना बना रहा है, जो आत्मनिर्भर बनने और अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इराक को आत्मनिर्भरता की सजा दी गई, अब ईरान को निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह भी अपने रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा था। इजराइल की मंशा साफ है कि जो देश उनकी दादागीरी के खिलाफ खड़ा हो, उसे तबाह कर दो, लेकिन यह सब अमेरिका की खुली मदद के बिना संभव नहीं। मौलाना मदनी ने सऊदी अरब द्वारा इजराइल के हमले की आलोचना का स्वागत किया और कहा कि यह रुख मुस्लिम दुनिया में एकजुटता की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने चेताया कि यदि इजराइल को रोका नहीं गया, तो उसकी आक्रामकता पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका न केवल गाजा में हो रही तबाही और जनसंहार का समर्थन कर रहा है, बल्कि उसकी नीयत गाजा को खाली करवाकर वहां यहूदी बसावट को बढ़ावा देने की है। मदनी ने कहा कि अमेरिका एक तरफ गाजा में इजराइल के हिंसक कृत्यों का समर्थन करता है और दूसरी ओर ईरान पर हो रहे हमलों में भी उसे समर्थन दे रहा है। उन्होंने मुस्लिम देशों और वैश्विक समुदाय से इस निर्णायक समय में एकजुट होने की अपील की।

### अमेरिका पर भड़के शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास

**लखनऊ।** ईरान-इजरायल युद्ध पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने इजराइल के हमले का सख्त विरोध किया और कहा कि इस्लाम को बदनाम करने के लिए बार क्लब और जुए के अड्डे खोलना तो आसान है, लेकिन इस्लाम का दिफा करना बहुत मुश्किल है। जो सिर्फ ईरान कर रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल को इंसानियत का दुश्मन बताया। मौलाना यासूब ने कहा कि मैं ईरान पर इजरायल द्वारा किए गए दहशतगर्दाना हमले का सख्त विरोध करता हूं। इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के पीछे पूरी तरह से शैतान अमेरिका का हाथ है क्योंकि इजरायल और अमेरिका दोनों हमेशा से ईरान व इंसानियत के दुश्मन रहे हैं। मैं उन इस्लामी मालिक का भी विरोध करता हूं जो इस इंसानियत की जंग में ईरान का साथ न देकर अमेरिका और इजरायल का साथ दे रहे हैं।

## भारत का गाजा संघर्ष विराम प्रस्ताव मतदान से अलग रहना विश्वासघात

# हमारी विदेश नीति में है गड़बड़ियां: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन संघर्ष विराम के प्रस्ताव पर मतदान से अलग रहने के भारत के निर्णय को शांति और न्याय की परंपरा के विरुद्ध बताते हुए इसे सिद्धांत के साथ विश्वासघात करार दिया है और कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि उसने किन कारणों से भारत के अहिंसा, शांति, न्याय और संवाद के रुख के विरुद्ध कदम उठाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा और संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा के विरुद्ध है। कांगेस नेताओं ने कहा कि भारत को न्याय के लिए अपनी आवाज पुन: बुलंद करके सत्य और अहिंसा के लिए निडरता से खड़ा होना होगा। कांग्रेस नेताओं ने यह प्रतिक्रिया 12 जून को संयुक्त राष्ट्र में गाजा संघर्ष विराम पर मतदान से दूर रहने के भारत के





■ बताना चाहिए सरकार ने किन कारणों से भारत के अहिंसा व शांति के रुख के विरुद्ध कदम क्यों उठाया

निर्णय पर दी है। उन्होंने इस निर्णय को सरकार की नैतिक कूटनीतिक विफलता, विदेशनीति में गड़बड़ी और सिद्धांतों के विपरीत कदम करार दिया है। खड़गे ने कहा कि अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में गड़बड़ियां हो रही हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय की जानी चाहिए। गाजा में संघर्ष विराम को लेकर संयुक्त राष्ट्र आम सभा के प्रस्ताव के पक्ष में 149 देशों ने मतदान किया। भारत उन 19 देशों में से एक था, जिन्होंने मतदान में भाग नहीं लिया। इस कदम से हम वस्तुतः अलग-थलग पड़ गए हैं। आठ अक्टूबर 2023 को व्यापक और भयावह मानवीय संकट के समय कांग्रेस ने इजरायल के लोगों पर हमास द्वारा किए गए क्रूर हमलों की निंदा की थी। अब सवाल है कि क्या हमने मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम, शांति और संवाद की वकालत करने के अपने रुख को भारत ने छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा का हिस्सा रहा है और हमने हमेशा अपने इस रुख के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में न्याय और शांति का समर्थन किया है। कांग्रेस ने 19 अक्टूबर 2023 को भी तत्काल संघर्ष विराम और गाजा के संकटग्रस्त और बेदखल लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने का आह्वान किया था। जब क्षेत्र भीषण हिंसा, मानवीय तबाही और बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है, तो भारत चुपचाप या निष्क्रिय रूप से खड़ा नहीं रह सकता। वेणुगोपाल कि भारत हमेशा शांति, न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है, लेकिन आज भारत दक्षिण एशिया, ब्रिक्स और एससीओ में एकमात्र देश है, जिसने गाजा में संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर अपना पक्ष नहीं रखा। इस संघर्ष में 60,000 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। हज़ारों लोग भूख से मर रहे हैं।

### कांग्रेस विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं: जोशी

**कलाबुर्गी।** केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है और उसके नेता विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खड़गे की विवादास्पद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि हमें खरगे से प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। भारत के लोग तय करते हैं कि उनका नेतृत्व किसको करना चाहिए। देश की जनता ने आपको (कांग्रेस) तरह से नकार दिया है कि पिछले दो कार्यकालों में विपक्षी नेता की भूमिका भी आपकी पहुंच से बाहर हो गई है और इस बार भी, झूठे आख्यान फैलाने के बावजूद, जहां भी चुनाव हुए हैं, लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आप (कांग्रेस) विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं है, आप कैसी बकवास कर रहे हैं। जोशी की तीखी टिप्पणी से राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि 11 जून को प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर खड़गे ने प्रधानमंत्री पर सरासर झूठ बोलने और वोट के लिए लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

# यूपी पुलिस को आज मिलेंगे 60244 नए कांस्टेबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को रविवार को 60244 नए कांस्टेबल मिल जाएंगे। इन्हें सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह नियुक्ति पत्र बांटेंगे। लखनऊ के आशियाना स्थित इन्वेस्टर समिट आयोजन स्थल (डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड) पर यह कार्यक्रम होगा। इससे पूर्व शनिवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, डीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश समेत कई पुलिस अफसरों ने तैयारियों का जायजा लिया।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि यूपी पुलिस ने इस वर्ष बड़ी संख्या में 60244 सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों के चयनित अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। डीजीपी ने बताया कि यूपी की योगी सरकार युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है। 8 सालों 8.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यूपी के इतिहास में 15 जून 2025 की तारीख खास होगी। 60, 244 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। डीजीपी ने बताया



■ सीएम योगी-गृहमंत्री अमित शाह बांटेंगे नियुक्ति पत्र

कि पीजीआई के वृंदावन इलाके में ग्राउंड पर होने वाले इस कार्यक्रम में 60,244 कांस्टेबलों के अलावा उनके परिजन, वीआईपी, वीवीआईपी और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रहीं हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सिटिंग व्यवस्था के साथ पानी व कूलर की व्यवस्था की गई है। यूपी पुलिस के लिए इस भर्ती को सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती थी। इस नियुक्ति में 20 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को भी दिया गया है। 12 हजार से अधिक महिला सिपाहियों की भर्ती हुई है। सीएम योगी ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल कराने के लिए अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया।

## अर्थ व्यापार

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

**बेंगलुरु, वार्ता**

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है।

ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। सबसे ज्यादा नौकरियां चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल

■ हाल में हुई गिरावट के बाद भी कोविड पूर्व स्तर की तुलना में 80 प्रतिशत से ज्यादा हैं, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और स्विटजरलैंड जैसे कई देशों पोस्टिंग वैल्यूम बहुत कम है

केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत;), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गई है। हालांकि हाल ही में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है। इससे साफ होता है कि भारत के उभरते हुए औपचारिक क्षेत्र में तकनीकी क्षेत्र का कितना प्रभाव रहा है, जिसमें मल्टीनेशनल कंपनियां भारत के विशाल प्रतिभा पूल को अवसर प्रदान कर रही हैं। इनडीड के मुताबिक मई 2025 तक, 1.5 प्रतिशत नौकरियों के लिए जनरेटिव एआई के कौशल की स्पष्ट मांग की गई थी, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। जनरेटिव एआई के अवसर तकनीक के क्षेत्र पर केंद्रित हैं, जो लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लगभग 12.5 प्रतिशत डेटा एनालिटिक्स पदों के लिए जनरेटिव एआई की मांग की गई। इनडीड के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया-पैसिफिक) कैलम ने कहा कि भारत में नौकरियां अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि देश में अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्थाओं का निर्माण हो रहा है। औपचारिक क्षेत्र में नौकरियां पूरे देश में हो रही रोजगार वृद्धि के मुकाबले ज़्यादा तेजी से बढ़ेंगी, जो हमें पिछले सालों में देखने को मिला है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं में इस तरह के बदलाव नहीं हो रहे हैं।

# दाल दलहन सस्ते, अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल, वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव पिछले दिवस पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी टिकाव देखा गया। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल, चना, चना दाल और अरहर



**वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव स्थिर रहे, इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे**

दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 15604 रुपये, सोया रिफाइंड 13773 रुपये, पाम ऑयल 12666 रुपये और वनस्पति तेल 14433 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायली हमले...**एयरफोर्स के नए चीफ की नियुक्ति की है। ईरान की न्यूज एजेंसी मेहर के अनुसार, आमीरअली हाजीजादेह की जगह माजिद मौसवी को कमांडर बनाया है। शुक्रवार को इजरायली हमले में एयरोस्पेस चीफ आमीरअली हाजीजादेह सहित 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स मारे गए थे। इजरायली सेना ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 7 सैनिकों के घायल होने की जानकारी दी है। आईडीएफ ने कहा कि ये सैनिक शुक्रवार के हमले में घायल हुए। हालांकि, बहुत हल्की चोटें आई हैं। सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इजरायली सेना ने एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें इजरायली एयर फोर्स और नेवी ईरान से इजरायल पर दागे गए ड्रोन को रोक रहे हैं। बीते दो दिनों में इजरायल ने ईरान से दागे गए 100 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है।

**नीट-यूजी....**और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। नीट यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गई, जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं। इसमें 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष नीट यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 अभ्यर्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

**आईएमए से...**की सेना के अंग बन गए। इसके साथ नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी। छह बजकर 42 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर करेन कंपनी ने हासिल किया। इस बार के पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसम्बर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# शहरों का कायाकल्प करेगी यूपी सरकार, 5 साल का ब्लू प्रिंट तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के शहरों को बेहतर बनाने के लिए 2026 से 2031 तक एक बड़ी योजना बनाई गई है। इस योजना पर कुल 1.29 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

इसका मकसद है शहरों को ज्यादा साफ, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना। हाल ही में यह योजना केंद्र सरकार को दिखाई गई है, जिसमें अगले पांच सालों में किए जाने वाले कामों का पूरा खाका बताया गया है। इसमें सड़कों, नालों और दूसरे बुनियादी ढांचे को सुधारने के साथ-साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की जाएगी। योजना में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और जानवरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है। साथ ही, तकनीक



■ 1.29 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च, साफ पानी के लिए 9900 करोड़ की योजना

और पर्यावरण से जुड़ी चीजों को भी महत्व दिया गया है। इस योजना का सबसे बड़ा हिस्सा शहरों में बेहतर सड़क नेटवर्क बनाना है, जिसके लिए 30,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इससे शहरों के अंदर आने-जाने में आसानी होगी और पास के कस्बों से भी बेहतर जुड़ाव होगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। शहरों में जलभराव रोकने के लिए 27,500 करोड़ की ड्रेनेज योजना बनाई गई है। यह योजना बरसात के पानी को सही तरीके से निकालने में मदद करेगी। साफ-सफाई और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15,000 करोड़ सीवरेज और शौचालयों से जुड़े प्रबंधन पर खर्च होंगे। इनके रखरखाव के लिए अलग से 5,387 करोड़ का बजट रखा गया है। हर घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए 9,900 करोड़ की योजना है और इसकी मरम्मत व देखरेख के लिए 8,286 करोड़ रखे गए हैं। शहरों को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए इस योजना में 1,265 करोड़ की हरियाली और बागवानी से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा 990 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिक श्मशान घाट बनाए जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हाइवे पर हादसे में दो आढ़तियों की मौत

## ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार कार, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बुलंदशहर के रहने वाले दो आढ़तियों की मौत हो गई। दोनों कारोबार में पार्टनर थे। कालडोंगी मंडी से बुलंदशहर लौटते समय तेज रफ्तार कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। हादसे में कार सवार एक युवक घायल भी हुआ जबकि कार का चालक मौके से फरार हो गया।

सुबह सवेरे करीब 4:30 बजे हादसा झनकपुरी के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक बुलंदशहर के स्याना अड्डा हीरापुर निवासी 31 वर्षीय उमेश कुमार पुत्र राजू सिंह तथा नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नस्ल घाट निवासी 48 वर्षीय फुरकान पुत्र हाजी मोहम्मद युनूस पेशे से फल-सब्जी कारोबारी थे। करीबी दोस्त होने के साथ ही दोनों की कारोबार में साझेदारी भी थी। बताया जा रहा है शुक्रवार शाम में उमेश कुमार और फुरकान कारोबार के सिलसिले में कालाडोंगी मंडी गए थे। देर रात में एक कार में सवार होकर दोनों बुलंदशहर वापस लौट रहे थे।





कार जाकिर नाम का चालक चला रहा था जबकि फुरकान नाम का एक अन्य युवक भी कार में ही सवार था। पुलिस के मुताबिक झनकपुरी से गुजरते समय अनियंत्रित हुई कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए जबकि सुरक्षित रहा चालक जाकिर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। हाईवे की मुरादाबाद-दिल्ली लेन पर वाहनों रफ्तार भी थम गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, गंभीर घायल फुरकान की सांसे चलती देख आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद कार में फंसे आढ़ती फुरकान और उमेश को बाहर निकालने की जद्दोजहद शुरू की। लोहे की रॉड से खिड़कियों को तोड़ते हुए जब दोनों को बाहर निकाला गया तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेने के साथ दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी मोर्चरी पहुंच गए थे। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हादसे की जांच की जाएगी। प्रथम दृष्टया हादसे का कारण कार के चालक को नींद की झपकी आना लग रहा है।

# नौकरी के नाम पर ठगी के दोषी को पांच साल की कैद

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौकरी लगवाने के नाम पर युवती से 15 लाख रूपये ठगने के दोषी को कोर्ट ने पांच साल की सजा सुनाई। जबकि दस हजार रूपये का जुर्माना भी सुनाया।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी मीर में किसान यासीन अहमद का परिवार रहता है। उनकी बेटी शबनम साल 2017 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। उसी दौरान परिचित आबिद अली ने बताया था कि लखनऊ से एक पार्टी का बड़ा नेता आया हुआ है जो सरकारी नौकरी लगवाने का काम करता है। आबिद अली ने शबनम की मुलाकात सीतापुर जिले के सतना थाना क्षेत्र के गांव घाटमपुर निवासी नीरज से कराई थी। नीरज ने खुद एक बड़े नेता का पीआरओ बताया और और बीडीओ की नौकरी लगवाने का झांसी देकर शबनम को अपने जाल में फंसा लिया। इतना ही नहीं नौकरी के लिए 15 लाख रुपये इंतजाम करने की बात कही। नीरज ने पैसे ऑनलाइन लेने से इनकार कर दिया था। लिहाजा, शबनम ने दस लाख रुपये नकद देने के अलावा 2.70 लाख रुपये नीरज के खाते में ट्रांसफर कराए थे। कुछ दिन बाद बीडीओ भर्ती का परिणाम आया, जिसमें शबनम का नाम नहीं था। शबनम ने नीरज से बात की तो उसने सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर खामोश कर दिया। जिसे लेकर नीरज और शबनम के बीच व्हाट्सएप पर चैटिंग भी हुई। बावजूद इसके न तो शबनम की नौकरी लगी और न पैसा वापस मिला। मामले में शबनम ने नीरज के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर नीरज के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को अपर सिविल जज प्रथम अभिषेक कुमार व्यास की अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने नीरज को दोषी करार दिया। पांच साल जेल की सजा सुनाई तथा दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में पथराव

## घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बच्चों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद लाठी डंडे एवं मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष ने अपने-अपने मकानों की छत पर चढ़कर एक दूसरे के ऊपर पथराव करना शुरू कर दिया।

शुक्रवार की शाम थाना सैदनगली के गांव सकतपुर में बच्चों के बीच हुए विवाद में गांव निवासी शारिक एवं तहसीन को मामूली चोटे आई । एक दूसरे के ऊपर पथराव की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया है। क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के अनुसार पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। उप निरीक्षक कमलेंद्र कुमार की तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के गांव सकतपुर निवासी इरफान पुत्र मंगू,शारिक पुत्र इरफान, यूनुस पुत्र सुक्खा, छुटवा, तहरीन, शमीम पुत्र यासीन, यासीन पुत्र नत्थू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

# प्राइवेट कर्मियों के सहारे रिश्वतखोरी की डील

## अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस काम के लिए रख रखे प्राइवेट कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले में रिश्वतखोर अफसरों ने सरकार की साख को बट्टा लगा रखा है। आये दिन रंगेहाथ पकड़े जाने वाले यह अधिकारी खुद तो शिकंजे में फंस ही जाते है जबकि ईमानदार अधिकारियों का नाम भी खराब कर जाते है। कई बार एंट्री क्रप्शन की टीम अधिकारियों व कर्मचारियों को रंगेहाथ पकड़ चुकी है। अब तो रिश्वत लेने का तरीका भी अधिकारियों ने बदल लिया है। उन्होंने डील के लिये अपने कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारी रख लिये है। जो सारा हिसाब किताब करते है।

जिले में रिश्वतखोर अधिकारियों ने जनता को बुरी तरह परेशान कर रखा है। आये दिन इनके पकड़े जाने के कारण ईमानदार अधिकारियों व कर्मचारियों की छवि धूमिल हो रही है। कुछ दिन पूर्व विनमय क्षेत्र के जेई भानु प्रताप को एंट्री क्रप्शन की टीम ने छापमार कर रंगेहाथ बिचौलियें के माध्यम से रिश्वत लेते दबोचा था। पिछले काफी समय से जेई ने इस जिले में कब्जा कर रखा था। जेई के बारे में तो यहां तक बताया जाता है कि वह दुकानों व भवनों का नक्शा पास

**■ जेई-लेखपाल समेत जिले में पकड़े जा चुके कई रिश्वतखोर अधिकारी**

करने के बदले मोटी रकम वसूलता था। लेकिन पिछले दिनों हुई कार्रवाई के दौरान जेई आखिरकार शिकंजे में फंस की गया। इससे पूर्व हसनपुर तहसील में एक लेखपाल को रंगेहाथ दबोचा गया था। इतना ही नहीं सैल टैक्स विभाग में छापेमारी के दौरान वकील समेत दो लोगों को सीबीआई की टीम ने पकड़ लिया था। यह मामला अब भी चर्चा का विषय बना है। जिससे साबित होता है कि विभाग कोई भी हो बिना रिश्वत के काम नहीं होता। अब तो रिश्वत का ट्रेंड भी बदल गया है। अधिकांश अधिकारियों ने अपने पास प्राईवेट कर्मचारी रख लिये है। उन्हीं के माध्यम से डील की जाती है। रिश्वत का पैसा कहां और कब पहुंचना है यह काम इन्हीं प्राईवेट कर्मचारियों द्वारा तय किया जाता है। इससे अधिकारी स्वयं को बचाने में सफल हो जाता है। हालांकि योगी सरकार ने सख्त निर्देश दे रखे है कि किसी भी सरकारी अधिकारी के पास प्राइवेट कर्मचारी रखने का अधिकार नहीं है। परन्तु यहां इसका कोई अमल नहीं किया जाता है। सही काम करने के बदले भी लोगों को रिश्वत देनी पड़ती है। न देने पर उनकी फाइल को लटकाकर रखा जाता है। विभाग के लगातार चक्कर काटने के बाद भी जब काम नहीं होता तो मजबूर होकर आम आदमी को रिश्वत के बल पर अपना काम कराना पड़ता है। रिश्वत देने के वीडियो भी आये दिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। लेकिन इसके बाद भी कुछ भ्रष्ट अफसर सरकार की छवि पर दाग लगाने से बाज नहीं आ रहे। भ्रष्टाचार के कारण आम जनता को काफी दिक्कत होती है।

## एक नजर

### मोदी ने देश को दिए नए आयाम



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि 11 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर बदलकर रख दी। डिडौली के रामलीला मैदान में 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार को 11 साल का कार्यकाल हो चुका है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का रिकार्ड विकास कराया। सैन्य क्षमता में बढ़ोत्तरी की जबकि देश का विकास कराया। जबकि आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। इस मौके पर डा. कंचन सिंह, शुभम चौधरी, मोहम्मद जावेद, हाजी अब्दुल सत्तार, पूरन सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, रामप्रकाश वर्मा, मदन वर्मा, माया गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रिहान, नितिन, सचिन, राजपाल मौजूद रहे।

### बिना अनुमति के हरे पेड़ काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। वन विभाग ने बिना अनुमति से प्रतिबंधित पेड़ों को काटे जाने के मामले में जुर्माना वसूल किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी में वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारकर बिना अनुमति से काटे गये प्रतिबंध पेड़ों को पकड़ लिया। वन विभाग में चार पेड़ बिना अनुमति से3 काटने पर नदीम पुत्र मोसाद अली से जुर्माना वसूल किया है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के दरोगा को बिना अनुमति से काटे गये 10 से अधिक पेड़ों की जड़े मौके से मिली थी। ग्रामीणों में चर्चा है कि वन विभाग का यह दरोगा अक्सर गांव बावनखेड़ी में आरा मशीनों के आसपास टहलता हुआ देखा जाता है।

### झलक ने जीता गोल्ड मेडल




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गार्ड की बेटी ने गोला फेंक में गोल्ड मेडल जीता है। परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गार्ड के पद तैनात नेमपाल सिंह की होनहार बेटी झलक चाहल ने यूपी स्टेट 23 फेडरेशन गेम प्रयागराज में आयोजित गोला फेक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत लिया। झलक चाहल तमिलनाडु के कोयंबटूर में होने वाले नेशनल गेम के लिए सिलेक्ट कर ली गई हैं। झलक चाहल के परिवार को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है

# ग्रामीण को सांप ने डसा, हाथ में लेकर कर रहा था मजाक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक व्यक्ति को सांप के साथ मजाक करना भारी पड़ गया। सांप ने उसे डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिये मुरादाबाद के पास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर वह आईसीयू में भर्ती है। उसकी जरा सी मजाक से उसकी जान पर बन आई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर गौसाई में एक टूटी दीवार के पास एक सांप निकल आया। ग्रामीण जितेन्द्र पुत्र चरण सिंह ने सांप को पकड़कर अपने गले में डाल लिया और उससे मजाक करने लगा। ग्रामीणों ने उसे काफी समझाया मगर वह नहीं माना और सांप से खेलता रहा। सांप को अपनी जीभ से स्पर्श कराने लगा, इसी बीच सांप ने उसे डस लिया। थोड़े समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन जितेन्द्र को लेकर तुरंत अस्पताल पहुंचे, यहां से उसे बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। जितेन्द्र निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती है और उसका उपचार जारी है। वहीं ग्राम प्रधान हैप्पी चौधरी ने आईसीयू में पहुंचकर उसकी हाल चाल जाना।

**■ निजी अस्पताल की आईसीयू में चल रहा उपचार**

# कैलसा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज की मांग



## मुख्यमंत्री से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाजपाईयों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कैलसा रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग की। जबकि बान नदी में पानी छोड़ने का मुद्दा भी उठाया।

शुक्रवार को भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। जहां उन्होंने जिले की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। बताया कि मुरादाबाद जाने के लिये हाईवे के अलावा कैलसा-पाकवाड़ा ही विकल्प है। परन्तु कैलसा रेलवे क्रासिंग पर अकसर जाम लगा रहे है इस जिस कारण लोगों को परेशानी होती है। उन्हें यहां ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की। जबकि बन नदी में पानी छोड़ा जाये। नौगांवा मार्ग से जब्दा, मनव्वरपुर, पीपली घोसी होते हुए धनौरा मार्ग का निर्माण कराया जाये। खंड विकास भवन जर्जर है इसका निर्माण कराया जाये। जबकि मुरादाबाद में गुरू जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय निर्माण के लिए सीएम का आभार जताया। प्रतिनिधि मंडल में ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो , जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह बेनिवाल, गन्ना निदेशक सतीश कुमार, मिलनजीत बांगा आदि शामिल रहे।

# पति की लाश के सामने भिड़ीं सास-बहू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जवान बेटे की लाश के सामने मां व पत्नी में जमकर मारपीट होने से अफरा तफरी मच गई। ससुराल एवं मायके वालों के बीच लाठी डंडे चलने से चार लोग घायल हो गये।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मुन्ना लाल ने अपनी बेटी रजनी की शादी 5 साल पहले सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव पंडकी निवासी चंद किरन के पुत्र अंकित के साथ की थी। लगभग 3 हफ्ते से उसकी पत्नी रजनी बीमारी के चलते अपने मायके में रह रही थी। जहां उसका इलाज चल रहा था। उसके पति का बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया। पति की मौत की सूचना पर रजनी अपने मायके वालों के साथ अपनी ससुराल पहुंच गई। अंत्येष्टि के लिए शव को गंगा घाट ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कूड़ा उठाने को लेकर रजनी एवं उसकी सास के बीच कहा सुनी होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान रजनी की सास ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आये रजनी के मायके वालों को ससुराल पक्ष के लोगों ने जमकर पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान लाठी डंडे भी चलने लगे। मारपीट में रजनी, उसकी मां संतोष, भाई अजय, अजीत तथा पिता मुन्नालाल घायल हो गये। मारपीट करते समय ना तो मां ने सोचा कि बेटे की लाश रखी हुई है। और ना ही रजनी ने सोचा कि उसके पति का शव रखा हुआ है। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। एसएसआई नीरज कुमार ने बताया कि मारपीट संबंधित तहरीर प्राप्त हुई है घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

**■ लाठी-डंडे चलने से चार लोग घायल**

# नगर के पिकअप चालक की ठाकुरद्वारा में मौत

## वाहन खड़ा कर आराम कर रहा था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**अमरोहा**। शहर के एक चालक की मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में दर्दनाक मौत हो गयी। पिकअप चालक वाहन खड़ा कर सड़क पर आराम कर रहा था। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया।

मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में शहर निवासी छोटा हाथी चालक इरशाद की दर्दनाक मौत हो गई। सड़क किनारे वाहन खड़ा कर आराम करते समय तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन से टांगें कुचल गई। हादसे में गंभीर घायल हुए इरशाद को परिजन निजी अस्पताल लेकर दौड़े लेकिन खून अधिक बहने के कारण बचाया नहीं जा सका। मौत से पत्नी और बच्चों का रोते बिलखते बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद देर रात तक शव घर पहुंचने की उम्मीद थी। करीब 48 वर्षीय मृतक इरशाद शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरादाबादी गेट (दरबारे कलां) निवासी शहजादे अहमद के बेटे थे। परिवार में पत्नी के अलावा पांच बच्चे हैं। जिनमें तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पेशे से चालक इरशाद छोटा हाथी वाहन चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के मुताबिक शनिवार सुबह काम के सिलसिले में वह मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा गए थे। बताया जा रहा है कि वहां इरशाद किसी के इंतजार में अपना छोटा हाथी खड़ा कर सड़क किनारे आराम कर रहे थे। उसी दौरान किसी तेज रफ्तार भारी वाहन की चपेट में आने से टांगे कुचल गई। हादसे में इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची ठाकुरद्वारा पुलिस ने तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही यहां परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। बताया जा रहा है मेरठ ले जाते समय रास्ते में इरशाद की मौत हो गई

# मोहर्रम पर मिलें पर्याप्त सुविधाएं

## अंजुमन ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बैठक में मोहर्रम की तैयारियों का खाका खींचा गया। बतौर अतिथि पहुंचीं चेयरपर्सन शशि जैन ने नगर पालिका स्तर से पूर्व की भांति सुविधाएं मुहैय्या कराने का भरोसा अंजुमन पदाधिकारियों को दिलाया।



शहर के मोहल्ला गुजरी में अंजुमन के जनरल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी के आवास पर आयोजित हुई इस बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के नायब सदर इमदाद आब्दी ने की। जनरल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी ने जानकारी दी कि शहर में मोहर्रम के पारंपरिक जुलूस 29 जून से शुरू होकर 6 जुलाई तक निकलेंगे। चेयरपर्सन शशि जैन का ध्यान खींचते हुए उन्हें जुलूस रूट से संबंधित टूटी हुई सड़कें और जर्जर पुलिया की जानकारी दी, पालिका अफसरों को निर्देशित करते हुए जुलूस से पूर्व इन्हें दुरुस्त कराने की मांग की। वहीं, बताया कि रूट पर कुछ पेड़ भी आ रहे हैं, जिनकी टहनियां बाहर सड़क पर हैं उनकी छंटाई कराई जाए। कहा कि इस साल गर्मी बेतहाशा है। मोहर्रम के जुलूस में अजादार नंगे पेर चलते है। सूरज की तपिश से सड़के जलती हुई होंगी लिहाजा उन पर लगातार पानी का छिड़काव कराने की व्यवस्था होनी बेहद जरूरी है, इसके लिए अंजुमन ने पानी के चार टेंकर उपलब्ध कराने मांग की। वहीं, जानकारी दी कि मोहर्रम में रात में 12 बजे तक इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहता है लिहाजा जो स्ट्रीट लाइट खराब हैं उन्हें ठीक करा दें। रूट पर टूटे हुए स्पीड ब्रेकर की कीले सड़क से निकलवाने की मांग की। इसके अलावा बताया कि मोहर्रम में शिरकत करने के लिए अमरोहा में देश-विदेश से बहुत से अजादार आते हैं जो शहर के गली-मोहल्ले के रास्तों से अनिभिज्ञ होते हैं। सड़कों और गलियों में आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं जो अंजान लोगों पर हमला कर देते हैं। कुत्तों को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाया जाए। चेयरपर्सन शशि जैन ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस पारंपरिक है। इनसे संबंधित सभी कार्यों को नगर पालिका प्राथमिकता पर करेगा। बाहर से आए लोग हमारे भी मेहमान है हम उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देंगे। इस दौरान मौलाना वसीम, डा.लाडले, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, मोहम्मद तकी, शाने मुज्तबा, नजीर हैदर, अली नकवी, सलीम जैदी, जाफर रजा, कमर रजा, सलीम सफी, नजर बहार, सैय्यद मुज्तबा, मोहम्मद हैदर, जकी खां आदि मौजूद रहे। संचालन डा.चंदन नकवी ने किया

# प्रधान पति को गोली मारने की धमकी, पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव सादुल्लेपुर में तालाब की खोदाई के दौरान प्रधान पति को गांव के कुछ लोगों ने गोली मारकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान बबीता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार 12 जून को गांव में एक तालाब की खोदाई हो रही थी। यहां पर पुलिस और लेखपाल भी मौजूद रही। आरोप है कि जब पुलिस चली गई तो गांव के पूरन, छत्रपाल, कृष्ण, कौशिंद्र व उर्मिला ने प्रधान पति के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर में पुरानी रंजिश में चलते मारपीट हो गई। पुलिस ने इस मामले में पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव निवासी रहीश का कहना है कि वह शुक्रवार को कालेज से बच्चों कोर्स लेने के गया था। रास्ते में गांव के जाकिर, शाकिर, सोनू, जुबैर व साहिल ने पकड़ लिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महापुरूषों के गलत वीडियो वायरल होने से रोष

## आदमपुर क्षेत्र का है आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** एक महापुरुष के गाल पर चांटा मारने व उसके बाद दूसरे महापुरुष द्वारा पैर पकड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल किया जा रहा है।

शुक्रवार की रात सोशल मीडिया पर दो महापुरुषों का वीडियो गलत तरीके से एडिट कर वायरल कर दिया गया। एक महापुरुष के गाल पर वीडियो में जोरदार तरीके से चांटा मारते हुए दिखाया गया है। वीडियो में ही उसके पीछे खड़े व्यक्ति द्वारा महापुरुषों को सहारा देते हुए दिखाया गया है। उसके बाद जिन महापुरुषों के गाल पर चांटा मारा गया था। दूसरे महापुरुष उनके पैर पकड़ रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आपत्तिजनक वीडियो आदमपुर क्षेत्र के एक युवक द्वारा किया गया है। वायरल हो रहे वीडियो को देखकर दोनों महापुरुषों की बिराद. री के लोगों में भारी रोष फैला हुआ है। कुछ शरारती तत्व समाज में गलत संद. ेश देने के उद्देश्य से वीडियो को तोड़ मरोर कर एडिट करने के बाद वायरल कर देते हैं। वीडियो वायरल करने वाले युवक के खिलाफ तहरीर दिये जाने की तैयारी चल रही थी। थानाध्यक्ष आदमपुर प्रेमपाल ने बताया अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि तहरीर मिलती है तो जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# बी फार्मा छात्र का शव पेड़ के नीचे मिला

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** घर से अमरोहा जाने के लिए निकले डी फार्मा के छात्र का शव पेड़ के नीचे पड़ा मिला। गले में चुन्नी का फंदा पड़ा था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि नामजद तहरीर नहीं दी गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव याहियापुर में किसान धर्मपाल सिंह का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी लज्जावती के अलावा दो बेटे परविंद्र सिंह, हरविंद्र सिंह व एक बेटी पुष्पा हैं। उनका छोटा 23 वर्षीय बेटा हरविंद्र डी-फार्मा में तृतीय वर्ष का छात्र था। इनदिनों यूनिवर्सिटी की छुट्टियां चल रही थीं लिहा. जा शुक्रवार को वह घर पर ही मौजूद था। बताया जा रहा है दोपहर में करीब एक बजे वह किसी काम से अमरोहा जाने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन इसके बाद देर शाम तक घर वापस नहीं

**■ घर से अमरोहा जाने के लिए निकला था**

लौटा। परेशान होकर बड़े भाई परविंद्र ने जब मोबा. इल पर संपर्क किया तो काल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उसका नंबर काफी देर तक व्यस्त जाने लगा। लिहाजा परिजनों ने हरविंद्र की तलाश शुरू कर दी। उसी बीच जंगल में एक खेत पर हरविंद्र का शव पेड़ के नीचे पड़ा मिला। उसके गले में चुन्नी का फंदा था तथा वही चुन्नी सेमल के पेड़ की पतली टहनी पर बंधी थी। बेटे की हत्या की आशंका जताने वाले परिजनों के मुताबिक गुरुवार से हरविंद्र के मोबाइल लगातार कॉल और मैसेज आ रहे थे। जिसे लेकर वह परेशान दिख रहा था। वहीं, खबर गांव में फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से सबूत जुटाए। शव के पास मिला हरविंद्र का मोबाइल भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। शव की स्थिति को देख परिजनों का आरोप है कि हरविंद्र की हत्या की गई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मुकदमा वापस न लेने पर हत्या की धमकी

## कोर्ट के आदेश पर पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुकदमा वापस नहीं लेने पर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कैलसा का है। यहां पर अनुसूचित जाति के भगवान सिंह का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि गांव के रहने वाले नेत्रपाल, महावीर, सोमपाल, ओम प्रकाश सैनी और रविंद्र आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। नेत्रपाल दुष्कर्म के मुकदमे में अपील पर जेल से बाहर आया हुआ है। आरोप है कि 6 नवंबर 2023 की सुबह सात बजे ओमप्रकाश के बेटे प्रदीप सैनी व रविंद्र के बेटे ने भगवान सिंह के बेटे अनिल के साथ मारपीट की थी। मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामला अदालत में विचाराधीन है। आरोप है कि प्रदीप सैनी के परिवार के लोग इस मुकदमे में लगातार फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। बीती 26 मार्च को भगवान सिंह घरेलू सामान लेने जा कैलसा जा रहे थे। आरोपियों ने रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज की। मुकदमे में फैसला नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। मामले में पीड़ित भगवान सिंह ने अदालत की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद कुमार ने मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट के आदेश पर नेत्रपाल, महावीर, सोमपाल, ओम प्रकाश और रविंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# विमान हादसे के मृतकों को यज्ञ के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चे के द्वारा दरियापुर किसान भवन पर अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा शांति के लिए यज्ञ, हवन और आरती करके मौन धारण किया गया

**■ केन्द्र सरकार पीड़ित परिवारों को दे मुआवजा**




राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने विमान दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों के परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही दुख पहुंचाने वाली है। किसी ने अपना भाई, किसी ने बेटा और किसी ने पति तो किसी ने पूरा परिवार खोया है। पीड़ित परविारों को केन्द्र सरकार के द्वारा उचित मुआवजा दिया जाए और पूरे घटनाक्रम की जांच की जाए और जांच में आने वाली कमियों को समझकर पुनरावृत्ति रोकने के लिये काम किया जाए। इस अवसर पर पंडित सत्य प्रकाश शर्मा, विजयवीर सिंह, अरुण सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, सीमा चौधरी, इकबाल सैफी, ऋषिपाल सिंह, लोकेश जाटव, राजीव सिंह, शोराज सिंह, चंद्रपाल यादव, संदीप, प्रशांत, बंटी चौधरी, बलवीर सिंह, अमित चीमा, शराफत, विकास चौधरी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

## बंद मकान से हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव बसी मुस्तकम में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित शंकर अपने परिवार सहित हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। उसकी गैरहाजिरी में चोरों ने उसके मकान के ताले तोड़कर भीतर घुसपैठ की और घर में रखी नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। पीड़ित शंकर ने गांव लौटने पर जब अपने मकान की स्थिति देखी तो घटना की जानकारी हुई। उसने तत्काल पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शंकर की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है और गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## एक नजर

### मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए 241 यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा, ष्यह हादसा पूरे देश के लिए बेहद दुखद और पीड़ादायक है। इस तरह की घटनाएँ हमें जीवन की नश्वरता का एहसास कराती हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें। कॉलेज के अन्य वक्ताओं ने भी हादसे को राष्ट्रीय क्षति बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। सभा का समापन दो मिनट के मौन के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक अशोक सैनी, प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया, मुशर्रफ खाँ, डॉ. रूपा, चंद्रमो. हन, अवनीश, निसार अहमद, समरपाल सिंह, निशिन सैनी, अशी समेत अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



■ मंडी धनौरा। डींगरा बिजलीघर पर भाकियू के धरने को संबोधित करते वक्ता।

# बिजली कटौती के खिलाफ भाकियू का धरना

## सुधार न हुआ, तो 19 जून को डींगरा बिजलीघर का करेंगे घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति न होने और लगातार ओवरलोड की समस्या को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (असली) के बैनर तले किसानों ने डिंगरा बिजली घर पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली व्यवस्था में सुधार और ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि गर्मी अपने चरम पर है और किसानों को न तो घरेलू और न ही कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है। ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं, जिससे बार-बार फाल्ट हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 18 जून तक बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो 19 जून से डिंगरा बिजली घर पर विद्युत आपूर्ति को ठप कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। डूंगर सिंह ने कहा, ष्गर्मी में किसान और आम लोग बेहाल हैं। खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। बिजली विभाग लाप. रवाह बना हुआ है। अगर समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।ष किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीओ धनौरा और पिपली तगा मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से वार्ता कर उनकी समससुनीं। एसडीओ धनौरा ने बताया, षकिसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया गया है। ओवरलोड ट्रांसफॉर्मरों की जल्द क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजा जाएगा। बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दी जा रही है। प्रदर्शन में डूंगर सिंह, नरेश कुमार, राजेन्द्र यादव, मनीष यादव, कावेंद्र सिंह, जुल्फेकार, जसपाल सिंह, सचिन कौशिक, रामवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखीं और समाधान न होने पर आंदोलन तेज करने की रणनीति बनाई

### समाधान दिवस में सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम चंद्रकांता ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उन्हें तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जो सीधे तौर पर जनता की समस्याओं को जल्द निपटाने में सहायक है। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी तीन मामलों को राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को निस्तारण के लिए मौके पर भेजा गया, ताकि समस्या का त्वरित समाधान हो सके। इस दौरान मारपीट के एक मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया। जबकि पति-पत्नी के विवाद को आपसी सुलह समझौते से शांतिपूर्ण ढंग से निपटाया गया, जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट नजर आए। एसडीएम चंद्रकांता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर शिकायत का गंभीरता से समाधान करें और जनता को न्याय दिलाने में कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की जन कल्याण की दिशा में एक प्रभावी कदम है, जो प्रशासन और जनता के बीच पुल का काम करता है। इस मौके पर नायब तहसीलदार श्रीपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने भी जनता के मुद्दों को समझकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### मारपीट कर कपड़े फाड़े, बच्चे को घुमाने गई थी पार्क

# पार्क में महिला को बाल पकड़कर घसीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सरकारें महिला सुरक्षा के कितने भी दावे करें, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। कस्बे के एक मोहल्ले की महिला के साथ हुए शर्मनाक व्यवहार ने इन दावों की पोल खोल दी है। बच्चों को घुमाने पार्क गई महिला के साथ युवक ने न सिर्फ अभद्र टिप्पणी की बल्कि विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए और बाल पकड़कर घसीटा।

पीड़िता का आरोप है कि घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस को तहरीर देकर महिला ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि वह अपने बच्चों को पास के पार्क में घुमाने ले गई थी। पार्क में एक युवक पहले से बैठा था। जैसे ही वह वहां से गुजरी, युवक ने गंदे कमेंट किए। महिला ने जब विरोध किया तो उसने धमकी दी कि "मेरे दो बेटे पुलिस में हैं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।" इतना कहकर आरोपी ने फोन कर अन्य युवकों को भी बुला लिया। आरोप है कि उसके बाद महिला से मारपीट की गई, उसके कपड़े फाड़े गए और बाल पकड़कर घसीटा गया। पीड़िता ने बताया कि पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है, जो इस घटना का स्पष्ट प्रमाण है। महिला ने थाना धनौरा पहुंचकर लिखित तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### समाज में डर, व्यवस्था मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** घटना के बाद स्थानीय महिलाओं में दहशत है। लोगों का कहना है कि अगर सार्वजनिक स्थल भी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं रहे, तो यह समाज और प्रशासन दोनों के लिए शर्म की बात है। लोगो का कहना है कि महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े वादे धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। सवाल उठता है ख्र क्या पुलिसिया रुतबा कानून से बड़ा हो चुका है।

# साफ पानी की मांग को किया प्रदर्शन

## हसनपुर में टंकी से गंदा पानी आने पर भड़के

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्रामीणों ने पेयजल की टंकी पर तैनात कर्मचारियों पर पानी को बंद किये जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल की टंकी पर तैनात कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में शुद्ध पेयजल योजना के तहत टंकी का निर्माण किया गया था। उसको चालू भी कर दिया गया था। ग्रामीणों को साफ पानी मिल रहा था।ऑपरेटर वीरेंद्र कुमार उर्फ पिंटू रमेश कुमार को टंकी पर देखभाल के लिए लगाया गया था। ग्रामीणों ने बताया कुछ समय तक तो दोनों ने टंकी का संच.



ालन ठीक से किया। लेकिन उसके बाद उन्होंने पानी की आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद कर दी। जब ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर टंकी के पानी को सुचारू रूप से चालू करने के लिए कहा तो वह गाली गलौज करने लगे। जब ग्रामीण टंकी का पानी चालू करवाने के लिए जाते हैं तो वह कुछ ना कुछ बहाना बना देते हैं। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कर उन्हें पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में योगेंद्र कुमार रामपाल सिंह गंगादास सुरेंद्र कुमार देवेंद्र पुष्पेंद्र कुमार सत्येंद्र सिंह टेकचंद कमलेश जीवेश जयप्रकाश आदि मौजूद थे।

### पैमाइश टीम ने कराया कब्जा, दबंगों ने उखाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव आसकपुर मजरा आदमपुर निवासी किसान ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। और बने चाको में न्यायालय श्रीमान डीसी महोदय द्वारा 31-05-25 को संशोधन आदेश पारित किया गया। दिनांक 31,05,25 को पारित आदेश के अनुपालन में चकबंदी लेखपाल कानूनगो साहब ने पुलिस की मौजूदगी शुक्रवार की दोपहर में पैमाइश की थी व कब्जा कराया था। शुक्रवार को चकबंदी लेखपाल द्वारा पैमाइश किए जाने के बाद करीब शाम 7:00 बजे गांव के ही लोगों ने प्रार्थी के खेत में लगवाए निशान को उखाड़ने पहुंचे उसी समय प्रार्थी की बहन माया ने विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा नाक में सोने की लोंग भी निकाल ली तथा पीड़ित के खेत में रखी झोपड़ी में भी आग लगा दी जिसके बाद पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# नियुक्ति पत्र लेने को लखनऊ रवाना हुए चयनित अभ्यर्थी

## जिले के 1058 अभ्यर्थियों का चयन, सीओ के नेतृत्व में 26 बसों से रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पुलिस भर्ती में 1058 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इन सभी अभ्यर्थियों को शनिवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन से लखनऊ में आयोजित होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल होने के लिए रवाना किया गया। ब्रीफिंग के बाद एसपी अमित कुमार आनंद ने बसों को हरी झंडी दिखाई। वहीं, इससे पहले एसपी ने चयनित अभ्यर्थियों की ब्रीफिंग की, इसके अलावा सफर में साथ में जाने वाले पुलिस स्टाफ को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अभ्यर्थियों को रिफ्रेशमेंट भी कराया गया। पुलिस अफसरों ने चयनित अभ्यार्थियों को आगमी प्रशिक्षण और सेवा की शुभकामनाएं दीं। 20 बस से पुरुष तो छह बस से महिला पुलिस कर्मी इन अभ्यर्थियों को लेकर पुलिस लाइन से रवाना हुईं। इन 26 बसों का नेतृत्व सीओ पंकज त्यागी के हाथों में रहा। एक बस में एक दरोगा प्रभारी व हेड कांस्टेबल सहायक प्रभारी के रूप में साथ गए। बता दें कि जिले में



इन पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए डिडौली के गांव फत्तेहपुर माफी में डब्ल्यूटीएम डिग्री कालेज को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। लखनऊ रवाना होने से पहले एसपी ने कुछ अभ्यर्थियों से बातचीत भी की, उनके सवालों का जवाब दिया और पुलिसिंग से जुड़ी अहम जानकारी साझा करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण दिल लगाकर करने की बात कही। सीओ अभिषेक कुमार के अलावा आरआई धनश्याम सिंह मौजूद रहे।

# दरोगा को नहीं दिए पैसे तो नहीं हुई कार्रवाई

## महिला ने लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** बुधवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा में दो पक्षों में जमकर मार-पीट हुई। जिसमें सामुदायिक शौचालय पर तैनात महिला घायल हो गई। घायल महिला थाना रहरा पहुंची लेकिन हल्का दरोगा ने उस महिला से पैसे की मांग कर दी और उसकी कोई सुनाई नहीं की।

बताया जा रहा है कि नीलम पत्नी सोनू सामुदायिक शौचालय पौरारा पर तैनात है। शौचालय की साफ-सफाई एवं बंद करके अपने घर जा रही थी। तभी दूसरे पक्ष के रामजीलाल, दीपक आदि ने परिवार बालों के साथ मिलजुल कर नीलम की लाठी डंडों एवं नुकीले हथियार से बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे नीलम के कपड़े भी फट गए और वह घायल हो गई। उसके बाद पीड़ित नीलम थाने रहरा तहरीर देने गयी।112 पर शिकायत की नहीं हुई कोई सुनवाई फिर थाने में पहुंचे भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि थाने में तैनात हल्का दरोगा ने दूसरे पक्ष से पैसे ले लिए हैं। इसलिए थाने में तैनात हल्का दरोगा मेरी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। पीड़िता ष्का आरोप है कि बार-बार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। हमारे पुरे परिवार को खतरा बना हुआ है। हमारी सुनवाई की जाएं। रहरा थाने में तैनात हल्का दरोगा ने दूसरे पक्ष से नगद राशि ली है। इसलिए हमारी कोई मदद नहीं कर रही रहरा पुलिस।

### छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 वर्षीय किशोरी पास के ही एक कैंटीन पर आइसक्रीम लेने गई थी। इसी उपरांत कैंटीन संचालक ने किशोरी का हाथ पकड़ कर कैंटीन में खींच लिया और छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद किशोरी ने घर जाकर सारी बात बताई। किशोरी के नाना ने पुलिस को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को पड़कर जेल भेज दिया

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र डालचंद उर्फ छोटू को गलत संगत, आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में डालचंद उर्फ छोटू के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृतियों का लेनदेन व मुकदमे बाजी आदि के लिये व खुद जिम्मेदार होगा आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का किसी भी सदस्य का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।

छत्रपाल पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी मोहल्ला मंडी उझारी तहसील हसनपुर जिला अमरोहा

# हैडपंप के नाम पर प्रधान पति खा गया ग्रामीणों की लाखों की रकम

■ ग्रामीणों ने कहा कार्रवाई न होने पर करेंगे धरना प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जगत ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ईसापुर कुंडेली में प्रधान पति ने सरकारी नल घरों में लगवाने के नाम पर ग्रामीणों से दस- दस हजार रुपए की अवैध वसूली की है। जिसकी शिकायत थाना पुलिस से की गई है। ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक जगत की ग्राम पंचायत ईसापुर कुंडेली के प्रधान पति ने ग्रामीणों से घर में सरकारी हैंडपंप लगवाने के नाम पर प्रत्येक ग्रामीण से दस हजार रुपए की अवैध वसूली की है। चार माह बीत जाने के बाद जब ग्रामीणों के घर में सरकारी हैंडपंप नहीं लगे तो उनका सब्र का बांध टूट गया उन्होंने अपने रुपए मांगना शुरू कर दिए। ग्रामीणों ने प्रधान पति से कहा कि सरकारी हैंडपंप नहीं लग पा रहे हो तो हमारे पैसे वापस कर दो प्रधान पति ने दबंगई दिखाते हुए ग्रामीणों के रुपए देने से इंकार कर दिया और कहा हम रुपए वापस नहीं देंगे तुम्हें जो करना है वह करो इससे आहत होकर ग्रामीणों ने अलापुर थाने में शिकायत की और न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने कहा अगर यहां से हमारी सुनवाई नहीं होती है तो हम डीएम कार्यालय पर जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे। भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान पति पर कार्रवाई की मांग करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के बाद जीरो टॉलरेंस नीति की सरकार ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित करके सभी को भ्रष्टाचार और सुरक्षा की गारंटी दी है।दूसरी तरफ कुछ ग्राम प्रधान पति इस कदर भ्रष्टाचार में लिफ्त होते नजर आ रहे हैं कि ग्रामीणों की लाखों की रकम डकारे जा रहे है।

# मामा ने की भांजे की संपत्ति पर कब्जा करने कोशिश

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**



**सहसवान।** मामा कर रहे है भांजे की संपत्ति पर अवैध कब्जा भांजे आमिर ने बताया मुझे व मेरी बहन को गाली-गलौज कर घर से बाहर निकलने की दे रहे हैं धमकी आमिर हुसैन पुत्र इशरत हुसैन निवासी मोहल्ला हरनातकिया का आरोप उसकी खाला आसमा पुत्री लताफत ने ही उसे पाल पोस कर बड़ा किया था उसकी खाला ने अंतिम समय में अपने नाम की सारी चल आंचल संपत्ति उसके नाम करते हुए उसकी वसीयत कर दी थी उनकी मृत्यु के बाद आमिर व उसकी बहन निशा खाला की संपत्ति पर वर्षो से रहते हुए आ रहे हैं उसका आरोप है कि मेरा सगा मामा शाहिद, सादिक, सदाकत हाफिज व उनकी पत्नी गुड़ियां व सीमा उस सम्पत्ति पर कब्जा करना चाह रहे हैं और मुझे व मेरी बाहन के साथ आएं दिन गाली-गलौज करते हैं घर से बाहर निकलने की धमकी देते है जिसकी शिकायत प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर की थी उसका आरोप हैं कि उसकी शिकायत का कोई निस्तारण नहीं किया गया।

# सहसवान में सुबह पांच बजे विद्युत चेकिंग में मचा हड़कंप

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**



**सहसवान।** सुबह 5 बजे उच्च अधिकारियों के आदेशनुसार सहसवान टाउन में राजस्व वसूली बढ़ाने एवं बिजली चोरी रोकने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के दौरान लगभग आधा दर्जन उपभोक्ता जो मीटर को बाईपास कर एसी चला रहे थे एवं ई -रिक्शा चार्ज कर रहे थे ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई और जिन उपभोक्ताओं का पूर्व में लाइन काटी गई थी और चेक करने पर बिना बकाया बिल जमा किए जोड़कर चलाते पाये गए उनके खिलाफ धारा 138 में एफआईआर दर्ज कराई गई लगभग 50 उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया लगभग 10 उपभोक्ताओं का टैरिफ चेंज किया गया यह संघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपना लोड बढ़ा ले मीटर से बिजली का उपयोग करें चोरी ना करें अपना बकाया बिल जमा करें साथ ही सभी निजी नलकूप के उपभोक्ता जिन्होंने पंजीकरण नही कराया है वह तत्काल कराकर अपना बकाया बिल जमा करें जिससे आपको निर्वाध आपूर्ति प्रदान किया जा सके बिजली विभाग चेकिंग करता एफ आई आर करता है लेकिन जो लोग बिल टाइम पर जमा करते है चोरी नहीं करते है उनको बिजली नहीं मिलती।

# सिपाही और दरोगा ने अवैध वसूली करने के लिए हवालात में अधेड़ को डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** मूसाझाग थाना क्षेत्र की एक नगर पंचायत के वार्ड संख्या चार निवासी एक युवक के साले की प्रेमिका दूसरे प्रेमी के साथ चली गई थी जिसकी युवक ने थाने पर अपने ही पड़ोसी जसवीर के भाई सिप्टर को मूसाझाग पुलिस ने पकड़ लिया फिर हवालात मे डाल दिया था जिसके संबंध में एक आडियो वायरल हो रहा है।

जिसमें एक युवक बोल रहा है कि साहब मै उक्त के वार्ड नंबर चार से बोल रहा हूँ हमारे पड़ोस मे एक औरत का मैटर हो गया है जिसमें हमारे भाई के खिलाफ पड़ोसी ने थाने में शिकायत की थी हमारे भाई सिप्टर को पुलिस ने पकड़ लिया था जिसमें एक बार राजीव सिपाही और मोनू ने आठ हजार रुपये लेकर छोड़ा था फिर दोवारा पूंछतांछ को बुलाया और हवालात मे बंद कर दिया फिर शाम को हमारे हल्का पर तैनात दरोगा ने पाँच हजार रुपये लेकर सुपुर्दगी में छोड़ा है और कहा है कि सुबह फिर लेकर आना हम बहुत परेशान है पुलिस परेशान् कर रही है अब हम क्या करें योगी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ सरकार में भी अपनी हठधर्मिता दिखा रही है वह हल्का दरोगा यादव समाज का है। उक्त थाना पुलिस अवैध बसूली के मामलों में चर्चित रहती है बीते जन्माष्टमी पर नगर पंचायत में नृतकियो का अबैध रुप से डांस पार्टी कराने के नाम पर नगरपंचायत हल्का पर तैनात सिपाहियों ने आयोजकों से एक चावल का कट्टा लिया और नृतकियो का डांस ना हो पाने पर आयोजकों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी जिस पर दोनों आरा. पी सिपाहियों लायन हाजिर हुए। इसी तरह थाने लंम्वे समय से जमे गाडी चालक का स्थानांतरण होने के वाद भी तीन माह वीत जाने के वाद थाने का चार्ज नही छोड़ रहे हैं। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मानवहादुर सिंह से सम्पर्क किया पर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** शनिवार को क्षेत्र के कस्बा फैजगंज बेहटा में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति डी पी भारती , भाजपा जिला महामंत्री एम पी सिंह राजपूत , ब्लॉक प्रमुख माननीय ओम कृष्ण , मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार की अनेक योजनाओं व विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों का बखान किया । इस दौरान अजय कुमार कटिया , मंडल कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र सिंह , योगेश कुमार शर्मा , मोहित शर्मा , हंस मुखी मौर्य अवनीश सिंह बृजभूषण सिंह आदि मौजूद रहे । यह कार्यक्रम फैजगंज बेहटा स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया ।

# 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुंडिया धुरेकी में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजन

**सुनील कुमार विश्वकर्मा,शाह टाइम्स**




**मुंडिया।** करनपुर मंडल की अध्यक्षता में मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा (मंडल उपाध्यक्ष/ पूर्व सभासद नगर पंचायत मुंडिया धुरेकी) के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री डीपी भारती जी प्रदेश मंत्री एवं जिला महामंत्री श्री एमपी राजपूत जी ने दीप प्रज्वलत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डीपी भारती जी ने सरकार की बहुत सारी उपलब्धियों को जनता के सामने रखा कि किस प्रकार हमारी डबल इंजन की सरकार बिना भेद भाव को छोड़कर सबका साथ सबका विकास कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश राजपूत जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष निगमेश्वर मिश्रा जी, रामवीर शर्मा, बुधपाल सिंह, बंटी पाठक ब्लॉक प्रमुख बिसौली, ओम कृष्ण सागर ब्लॉक प्रमुख आसफपुर, डॉ वीरभान मंडल मंत्री, शिवम् शर्मा, परवेज खान अल्पसंख्यक मोर्चा, प्रभाकर सिंह, बृजेश कुमार सिंह, राकेश शर्मा, ओमपाल तिवारी, राधे श्याम जी एससी मोर्चा, सरिता श्रीवास्तव महिला मोर्चा, रजत रस्तोगी, अनु सिंह युवा मोर्चा, धर्मेंद्र शर्मा, मनोज कुमार सिंह,गिरवर कुमार दिवाकर,केशव पाठक, सुनील कुमार विश्वकर्मा, राहुल कुमार विश्वकर्मा एवं मंडल पदाधिकारी,मोर्चो के अध्यक्षगण, शक्तिकेन्द्र संयोजक,बूथ अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता और काफी संख्या में नगर बासी उपस्थित रहे।

# भाजपा गरीबों की कल्याणकारी सरकार है: राजीव गुप्ता

**कैलाश भारती,शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** विकसित भारत की संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंडल सभा का विकास खंड मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की एक सभा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में व्यवस्थापक ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र सिंह यादव थे। और प्रबंधक विकास खंड अधिकारी थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव पहलवान ने किया। भाजपा मंडल सभा के अंतर्गत जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याणकारी सरकार है। जिसने 11 साल के कार्यकाल में सुशासन के साथ-साथ सबका साथ सबका विकास को क्रियान्वयन करते हुए सुशासन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में युग परिवर्तनकारी बदलाव किया है। उन्होंने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को तूफानी प्रगति प्रदान की है। भारत वैश्विक आवाज बन गया है। जैसे अर्थव्यवस्था, जलवायु, डिजिटल नवाचार, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा हमारी देशभक्त सरकार ने आर्थिक विकास के साथ सामा. जिक उत्थान भी किया है। मोदी सरकार ने समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने अपना व अपने परिवार एवं अपने क्षेत्र का विकास किया। जो पक्षपात की निष्ठा के अंतर्गत आता है। श्री राजीव गुप्ता ने लोगों को जानक. ारी देते हुए बताया आज देश को अपनी सामाजिक सफलता पर गर्व है। विकसित भारत के नव निर्माण के लिए उपस्थित जनता को संकल्प दिलाया गया। नारी सशक्तिकरण, किसान, गरीब, महिलाओं, मजदूर, छात्रों पाठ्यक्रम एवं हमारी संस्कृति हमारी विरासत पर बोलते हुए कहा पूर्ववर्ती सरकारों ने आक्रांताओं को महान बताया और हमारी सरकार देशभक्त, धर्म प्रेमी, समाजसेवी एवं क्रांतिकारी भूमिका निभाने वालों को सम्मान दे रही है। और देती रहेगी। उन्होंने कहा देश के खिलाफ सोचने और बोलने वाले अपनी गंदी आदतें बदल दें। नहीं तो देशद्रोहियों को उसका अंजाम भुगतना ही पड़ेगा। हमारी सरकार जन-जन की कल्याणकारी सरकार है। सरकार का लक्ष्य अंतोदय ही है। अंत में उन्होंने भारतीय सैनिकों की वीरता व शौर्य को कोटि-कोटि नमन किया। सुशासन के अंतर्गत भयभूख भ्रष्टाचार, भुखमरी एवं गरीबी उन्मूलन सहित बाल, वृद्ध, नर नारी, का सर्वांगीण विकास व भारत को विश्व गुरु बनाने की भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। भारत अब सुनता नहीं जवाब देता है। मंडल संकल्प सभा में चापलूसों का जमावड़ा छावनी के रूप में दिखाई दिया। विदित हो यह चापलूस प्रत्येक सत्ता पार्टी के नेताओं को इस तरह से घेर लेते हैं। जैसे बर्राइयां छत्ते को और सभी स्वार्थी है। मजेदार यह है कि ये चमचे प्रत्येक सत्ता पार्टी के नेताओं को बड़े चहेते बन जाते हैं। कई भाजपा प्रत्याशियों को तो इनके काले कारनामों ने धूल चटा दी है। तब भी नेता इन बहुरूपियों से अनभिज्ञ बने हैं। यह गरीब लाचार बेसहारा पीड़ित लोगों के घोर दुश्मन है। अंत्योदय की जगह चापलूसों को अपनोंदेय दिखाई पड़ता है। भविष्य में सत्ता पार्टी के वरिष्ठ नेता ऐसे दुष्ट लोगों से सावधान रहे। और ज्यादा से ज्यादा आम जनता के बीच रहे। और उनकी समस्याओं के सेवक बनकर समाधान करें।

# विकसित भारत संकल्प सभा में गिनाई उपलब्धियां,11 साल मोदी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 11 साल पूर्ण होने पर मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। 14 मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन, वक्ताओं ने गिनाई मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपल्बधियां और विकसित भारत की संकल्पना और हमारी भूमिका। मंडल करनपुर, आसफपुर, बिसौली नगर में प्रदेश मंत्री डीपी भारती और जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत ने संबोधित किया। मंडल सहसवान ग्रामीण, इस्लामनगर, उघैती में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और जिला प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन शर्मा ने संबोधित किया। मण्डल बिल्सी नगर, मुजरिया में विधायक हरीश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने संबोधित किया।मण्डल वजीरगंज, बिनावर, सालारपुर में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धीरज पटेल ने संबोधित किया। मण्डल गढ़िया हरदोईपट्टी, कादरचौक में पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य और जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है हर क्षेत्र में चौतरफा विकास हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य अब दूर नहीं है। विकसित भारत 2047 की यात्रा के कई पड़ाव मोदी सरकार पूरे कर चुकी है। प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था बना है यह हम सभी के लिए गौरवशाली पल है। और जल्द ही भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया के सामने खड़ा होगा। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में भारत एक नए आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा भारत की नीति में ऐतिहासिक बदलाव आया है अब भारत केवल सुनता नहीं है जवाब देता है। उरी, सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है।

# स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शहरी पथ विक्रेताओं की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 01 जून 2020 से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी0एम0 स्वनिधि) योजना का शुभारम्भ किया है, जिसके अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को पुनः अपना कार्य शुरू कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए।

भारत सरकार द्वारा आर्थिक पैकेज के रूप में आसान किश्तों पर ऋण की सुविधा देकर कार्यशील पूँजी बनाने में उनकी सहायता की जा रही है। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से प्रदेश सरकार पथ विक्रेताओं को लाभान्वित करा रही है। इस योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण कराते हुए उनका पंजीयन किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के समस्त नगर निगमों, नगर निकायों से चिहिन्त पंजीकृत शहरी पथ विक्रेताओं का डाटा विवरण योजना के पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेता को 10 हजार रुपए का अनुदान आधारित प्रथम ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रथम ऋण की वापसी के उपरान्त द्वितीय ऋण 20 हजार रुपए एवं द्वितीय ऋण की वापसी के उपरान्त तृतीय ऋण 50 हजार रुपए बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 19.94 लाख से अधिक पटरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करते हुये पूरे देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के लाखों पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों को 8 अन्य केन्द्रीय योजनाओं से लाभान्वित कराया जा चुका है। प्रदेश में अब तक 9,45,379 पथ विक्रेताओं को डिजिटली एक्टिव कराया गया है। प्रदेश के शहरी पथ विक्रेता इस योजना का लाभ उठाते हुए अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करते हुए आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

# दुबई में इस्लामनगर के युवक की हार्ट अटैक से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**इस्लामनगर।** कस्बे के मौहल्ला पछांया ब्योर रोड निवासी वाहिद पुत्र गम्मन सलमानी (30) की 7 जून को दुबई में मौत हो गई। दुबई मैं रह रहे रिस्तेदारो के फोन कॉल से बडे भाई हाजी ताहिर सलमानी को इस दुखद खबर की जानकारी मिली।.खबर जब घर आई तो कोहराम मच गया। बडे भाई घ्के अनुसार, वाहिद पूरी तरह स्वस्थ था । दुबई मैं हेयर सैलून की दुकान पर अचानक अटैक आ गया । अचानक गिरने से उनकी मृत्यु हुई। वाहिद दुबई मैं चार वर्षो से काम कर रहा था ।दो साल पहले वाहिद की शादी सम्भल जिले हुई। 31 मई को वाहिद दुबई गया था। मृतक के परिवार ने वकील की मदद से शव को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की। तहसील से सभी जरूरी दस्तावेज तैयार। दिल्ली भेजे गए। भारत सरकार की मदद से कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 08 दिन बाद शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे वाहिद का शव इस्लामनगर के मौहल्ला पछांया ब्योर रोड लाया गया। शव घर आते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। वाहिद लंबे समय से दुबई में रहकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे था।

# डीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने थाना सिविल लाइंस में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाने में जो भी फरियादी आता है वह बड़ी आस व न्याय की उम्मीद लेकर आपके पास आता है ।

इसलिए फरियादी को गंभीरतापूर्वक सुना जाए तथा शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि आपकी कार्यप्रणाली से सरकार की छवि धूमिल ना हो, इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर कुल 05 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करते हुए आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व व भूमि सम्बंधी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निस्तारण के समय की फोटोग्राफी कराने तथा सहमति पत्र पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर कराने के लिए भी निर्देशित किया। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि कि वह अपने क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करते रहे तथा छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है इससे किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है: हरीश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल को लेकर शनिवार को नगर पालिका प्रांगण में संकल्प सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि रहे विधायक हरीश शाक्य का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे हो गए हैं, सभी लोगों को भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत निशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिए गए। पीएम आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक लोगों को आवास योजना का लाभ मिला। पीएम आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों को पांच लाख तक का निशुल्क इलाज मिल रहा है। देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क अनाज दिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया। इससे पहले सभासद अजीत गुर्जर, उमेश बाबू, प्रखर माहेश्वरी आदि ने 51 किलो की फूलमाला पहनाकर विधायक का स्वागत किया।

# बंदर की घुड़की से डर कर छत से गिरा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** बंदर की घुड़की से डरे युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। युवक अपना मोबाइल छुड़ाने के लिए बंदर के पीछे भागा था लेकिन यह हादसा हो गया। उघैती थाना क्षेत्र के गांव धरैहरा निवासी विजय सिंह खेती किसानी करते हैं।

शुक्रवार रात गर्मी ज्यादा होने के कारण उनका बेटा छोटेलाल (30) घर की छत पर जाकर सो गया। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों ने बताया कि सुबह तकरीबन साढ़े पांच बजे छोटेलाल की चारपाई पर रखा मोबाइल बंदर उठाकर ले गया। इसका एहसास होने पर छोटेलाल की नींद खुली और वो बंदर का पीछा करते हुए छत पर दौड़ा। इसी बीच बंदरों के झुंड ने उसे घेर लिया। घुड़की दी तो छोटेलाल घबराकर छत से नीचे जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज प्रशासन के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# भाकियू के जिलाध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता को विद्युत समस्याओं के बारे में कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा जिलाध्यक्ष रामलखन यादव एडवोकेट ने बिसौली अधिशासी अभियंता को क्षेत्र की बिजली से सम्बंधित विभिन्न समास्याओ को अवगत कराया जिसमें मुख्य समास्या ग्राम निजरा में करीब बीस दिनो से ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिससे पूरे गाँव का भीषण गर्मी में बुरा हाल है अधिशासी अभियंता बिसौली ने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवा कर बिधुत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की जाएगी युवा जिलाध्यक्ष रामलखन यादव एडवोकेट ने बताया कि अगर ग्राम निजरा में ट्रांसफार्मर सही नही जल्द कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होग।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# मौलाना तौकीर रजा 11 लोगों के साथ देंगे गिरफ्तारी

■ मुसलमानों के साथ नाइंसाफी का आरोप
■ मौलाना तौकीर के पैंतरे पर अफसरों की नजर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ऑल इंडिया इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां मुस्लिमों के तमाम मुद्दों पर आज रविवार 15 जून को गिरफ्तारी देंगे। उनके साथ दस और लोग भी होंगे। यह सभी लोग सेठ दामोदर स्वरूप में दोपहर एक बजे एकत्र होंगे। वहां से कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च करेंगे।

शुक्रवार को मौलाना तौकीर ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि मुसलमानों के साथ बेईमानी और नाइंसाफी हो रही है। मस्जिद, मदरसा, मजारात पर कार्रवाई और इस्लाम से दुश्मनी पर आमादा सरकारों के खिलाफ यह गिरफ्तारी है। वह अपनी शिकायत करने किसी के पास नहीं जा सकते, क्योंकि कोई ऐसा हिंदुस्तान में नहीं है, जिसके सामने वह अपनी शिकायत रख सकें।

उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल कोर्ट में जाने पर वह अपनी तौहीन समझते हैं। पुलिस अदालतों के आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। यह हमारी मुहिम का पहला कदम है, जो बरेली से शुरू हो रहा है। अब बारी-बारी से पूरे हिंदुस्तान में गिरफ्तारी दी जाएगी।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार दोपहर गिरफ्तारी देने का शिगूफा छोड़ा है। आमतौर पर वह जुमा नमाज के दिन ऐसा करते रहे हैं। मौलाना के नए पैंतरे को लेकर फिलहाल अधिकारी कोई बयान नहीं दे रहे हैं, पर अंदरखाने सभी बिंदुओं पर तैयारी चल रही है।

शुक्रवार रात भी पुलिस प्रशासन के सर्किल स्तरीय अधिकारियों ने बैठक करके कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने पर मंथन किया। सूत्र बताते हैं कि अधिकारियों ने शासन को भी स्थिति से अवगत करा दिया है, और उच्च स्तरीय निर्देश पर ही इस दिशा में आगे कार्रवाई की जा सकती है। गिरफ्तारी या प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन किसी तरह की अनुमति न होने की भी बात कर रहा है।

# खेती में किसान अपनाएं वैज्ञानिक तकनीक: गंगवार

■ उद्यान विभाग के स्वर्णिम ५० वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बरेली व मुरादाबाद मण्डल की संयुक्त मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का किया गया आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** प्रगति के पथ पर उद्यान विभाग के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को अटल सभागार, एमजेपी रुहेलखण्ड विश्व. विद्यालय, बरेली में बरेली व मुरादाबाद मण्डल की संयुक्त मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सांसद लोकसभा बरेली छत्रपाल गंगवार, प्रतिनिधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जल वायु परिवर्तन वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सक्सेना, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक कुन्दरकी, मुरादाबाद ठाकुर रामवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष बरेली रश्मि पटेल, कुलपति एमजेपी रुहेलखण्ड विश्व. विद्यालय प्रो. के.के. सिंह, निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग भानु प्रकाश राम, उप निदेशक (आलू), निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग कौशल कुमार नीरज, पूर्व निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग डा. आर. के. तोमर, बरेली व मुरादाबाद मण्डल के उप निदेशक उद्यान व समस्त जनपदीय जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात द्वारा गोष्ठी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया, तथा कार्यक्रम में उद्यान विभाग, बरेली मण्डल, बरेली, उद्यान विभाग, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, रेशम विभाग, गन्ना विभाग, विभिन्न एफपीओ एवं स्वयं सहायता समूहों तथा औद्यानिक उत्पादकों एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों से सम्बन्धित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात उद्यान विभाग, बरेली मण्डल, बरेली के धनराशि रू. 3.30 करोड के निर्माण कार्यों एवं मण्डी परिषद द्वारा कराये गये धनराशि रू0 24.88 करोड के निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। दीप प्रज्जवलन एवं स्वस्ति वाचन कर गोष्ठी का औपचारिक शुभारम्भ किया गया, तथा औद्यानिक फसलों की वैज्ञानिक खेती एवं नवीन तकनीकों से सम्बन्धित तैयार स्मारिका का विमोचन किया गया।तत्पश्चात लघु चल-चित्र के माध्यम से उद्यान विभाग के 50 वर्षों की प्रगति गाथा को दर्शाया गया, एवं विभाग को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों भवानी शंकर पाण्डेय, व्य.सहा. आनन्द स्वरूप, उ.नि., विजय बहादुर गंगवार, स.उ.नि., बाबूराम, माली, नौबत सिंह, चालक, गंगाप्रसाद, चालक, रामनाथ, प्र.चौ. अब्दुर्र फारूकी, उर्दू अनुवादक, नत्थूलाल गंगवार, व.उ.नि., दिलराम, क.स., सुदेश पाल सिंह, स.उ.नि., हुकुम सिंह, स0उ0नि0 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के तकनीकी सत्र में डा. रंजीत सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, आईवीआरआई, बरेली द्वारा कृषकों को औद्यानिक फसलों की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी प्रदान की गई। योग ऋषि आचार्य अविनाश द्वारा कृषकों को गौ आधारित प्राकृतिक औद्यानिक खेती के बारे में, डॉ. सी.वी. सिंह द्वारा औद्यानिक फसलों के निर्यात सम्बन्धी अनिल साहनी, प्रगतिशील कृषक द्वारा अंगूर की वैज्ञानिक खेती सम्बन्धी जानकारी, अक्षत देवरा, मृदा सरंक्षण कार्यकर्ता द्वारा मृदा स्वास्थ्य, संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में गोष्ठी में आये किसानों को जानकारी प्रदान की गई। डा0 बलराज सिंह, वैज्ञानिक, टी.एम.यू., मुरादाबाद द्वारा आम एवं अमरूद में वैज्ञानिक खेती एवं कैनोपी प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पूर्व निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग आर.के. तोमर द्वारा कृषकों को नवीन कृषि तकनीकों के औद्यानिक खेती में प्रयोग कर आय में वृद्धि सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई। राहुल द्वारा केले की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी प्रदान की गई। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात द्वारा अपने उद्बोधन में प्रगति के पथ पर उद्यान के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होने एवं वर्तमान मे विभाग द्वारा संचालित विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाओं पर विहंगम रूप से प्रकाश डाला।

उद्यान मंत्री द्वारा उद्यान के विभिन्न क्षेत्रों यथा-फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला, औषधीय एवं सगंध, शहद, बागवानी आदि के उत्पादन को बढाने के साथ-साथ औद्यानिक उपज एवं प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया, ताकि प्रदेश के कृषकों की आय में बढ़ावा हो सके। साथ ही राज्यमंत्री द्वारा औद्यानिकी में सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों के अनुप्रयोग के साथ-साथ पीवोट इरीगेशन सिस्टम से सामुदायिक खेती, क्लस्टर खेती एवं अनुशासित खेती को बल मिलेगा, जिसका सीधा सम्बन्ध कम लागत, अधिक उत्पादन एवं उनके विपणन से है। राज्य मंत्री द्वारा यह भी बताया गया कि जेवर एयरपोर्ट के शुरू होते ही फल व सब्जियों के निर्यात में बढ़ावा आने के साथ ही निर्यात करने पर होने वाले व्यय में भी कमी आयेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। राज्यमंत्री द्वारा उद्यान के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रहे कृषकों अनिल साहनी को अमरूद की खेती के लिए, प्रवीण कुमार गुप्ता को ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए, वीरपाल को पॉली हाउस में टमाटर की खेती, राजेन्द्र गंगवार को पॉली हाउस में खीरे की खेती, मनोज कुमार शर्मा को औषधीय खेती, फरीदउद्दीन मुस्लिम को आम उत्पादन, राजेश चन्द्र उपाध्याय को अमरूद की खेती के लिए, रामसरन को औषधीय खेती, रघुपत सिंह को औषधीय खेती, नदीम सिद्दीकी को आम निर्यात, जगपाल सिंह को अरूमद की खेती, राहुल को जैविक केले की खेती, कुलवीर को स्ट्राबेरी की खेती हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

## एक नजर

# उधार के रुपये मांगने पर युवक को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** उधार के रुपये मांगने पर युवक को एक राय होकर आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मार पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल को बहेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

कस्बा व थाना बहेड़ी के मोहल्ला शेरनगर निवासी जैद खाँ पुत्र ताहिर खाँ ने दिखाई गई रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ला शेखुपुर निवासी शोएब खाँ पुत्र शब्बू खाँ ने उससे अपनी बहन की तबीयत खराब होने का कहकर उससे 45 हजार रुपये हाथ उधार लिये थे। कई बार शोएब से माँगे गये, लेकिन हर बार टालता रहा कि दे दूंगा। बीती 13 जून को मैं अपने उधार के पैसे माँगने उसके घर गया। उधार के रुपये माँगते ही शोएब ने मुझे भद्दी भद्दी गालियाँ देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर वहाँ खड़े उसके साथी सलीम खाँ, फैसल खाँ, मुनीर खाँ, भूरा खाँ, सलमान खाँ, शकील खाँ ने मिलकर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर संजय सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# मायके से कार लाओ नहीं, तो ऐसे ही मारता रहूंगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** दहेज में कार मांगने की डिमांड करने वाला दहेज का लालची पति अपनी बीबी से बोला कि दहेज में कार लेकर आओ नहीं तो ऐसे ही मारता रहूंगा। कार की मांग पूरी न करने पर पति अपनी पत्नी के साथ अत्याचार कर रहा है।

देवरनियां कोतवाली के कस्बा रिछा के मोहल्ला बाजार की रहने वाली एक युवती का कहना है कि उसकी शादी जुबैर के साथ अप्रैल माह में हुई थी। शादी के बाद से ही उसको पति प्रताड़ित कर रहा है, और उसे मारता पीटता है। जब उसका पति पीटता है तब पति का बहनोई उसे कमरे में अकेला देख घुस जाता है, और उसके साथ अश्लील हरकतें करता है, और कहता है कि मै जैसा कहूँ करती रहो तो मैं सबकुछ ठीक करा दूंगा।

जब उसने पति से इसकी शिकायत की तो उसने अपने बहनोई का ही पक्ष लिया। दहेज में मांग पूरी न करने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे निकाल दिया। जब वह ससुराल में थी तो ससुराल वाले उसके मायके में सरिया और डंडे लेकर घुस आए, और उन पर हमला कर दिया। मामले की शिकायत देवरनियां पुलिस में की गई। मामले में कारवाई न होने पर इस मामले की शिकायत सीओ बहेड़ी से की गई है।

# गली का विरोध करना महंगा पड़ा, घर में घुसकर पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** घर के सामने गाली गलौच का विरोध करने पर दबंग पिता पुत्र ने घर में घुसकर लाठी से पीटकर ग्रामीण को घायल कर दिया।शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल को भेज दिया।

ग्राम मवई जरेल निवासी घनश्याम पुत्र चेतराम ने पुलिस को वताया कि रात्रि लगभग 8 बजे पड़ोसी सियाराम घर के सामने गाली गलौच कर रहा था। गाली देने के विरोध पर उपरोक्त ने अपने पिता धमोई दिवाकर को बुला लिया।दोनों पिता पुत्र ने घर में घुसकर लाठी से जमकर पीटकर सिर फोड़ दिया।पुलिस ने आरोपी सियाराम और धमोई दिवाकर के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दूसरे की जमीन दिखाकर किया सौदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लिया एक लाख बयाना, अब नहीं कर रहा है वापस**

**नवाबगंज।** कस्बे के प्रापर्टी डीलर मो० तारिक ने ग्राम याकूबपुर में डेढ़ बीघा जमीन का सौदा कस्बे के मोहल्ला प्रेमनगर के रहने वाले विपिन कुमार नाम के व्यक्ति से चार लाख रुपए में करते हुए एक लाख रुपया बयाना दे दिया था। इसका एक स्टाम्प पर लिखवाते हुए नोटरी करा ली थी।

आरोप है कि जब उससे बैनामा कराने को कहा तो वह टाल मटोल करता रहा, शक होने पर जब तारिक ने खेत की खतौनी देखी तो उसमें विपिन कुमार का नाम ही नहीं था। जब उससे दिए गए बयाने के रुपए मांगे तो वह आज कल आज कल कहकर टरकाता रहा।

आरोप है कि जब शनिवार को उससे रुपए मांगे तो उसने देने से साफ इंकार कर दिया, कहा वह ऐसे ही लोगों को ठगता है। प्रापर्टी डीलर मो० तारिक ने शनिवार को पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

# सड़क हादसे में घायल हुए युवक का डेढ़ माह बाद मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** दोस्त की शादी के लिए सामान खरीदने जा रहे युवक की स्कूटी मे सामने से तेज रफ्तार ईको कार ने जोरदार टककर मार दी थी।

दुर्घटना में घायल युवक के इलाज कराने के चलते घायल की की शिकायत पर पुलिस ने डेढ़ माह वाद ईको के नम्वर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चला कर दुर्घटना को अंजाम देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम शेखपुर थाना सिविल लॉयन्स जनपद बदायूँ निवासी कुसुमा पत्नी स्वर्गीय चेतराम ने पुलिस को बताया कि गत 23 अप्रैल को उनका बेटा पुष्पेंद्र अपने दोस्त की शादी में शामिल होने शीशगढ़ आया था।जो दोस्त के कहने पर दोस्त की स्कूटी लेकर बाजार से सामान खरीदने को निकला था।रास्ते में सामने से आती तेज रफ्तार ईको कार संख्या यू पी 25 इ डी 6628 ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी थी।दुर्घटना में घायल बेटे का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था इलाज कराने में व्यस्त होने के कारण मुकदमा दर्ज कराने में देरी हुई।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# थाना दिवस सुनीं फरियाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें पहुंचे फरियादियों की फरियादों को तहसीलदार भानु प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने सुना, और निस्तारण भी हुआ। थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर सिंह और तहसील से आए अमले ने समस्याओं को सुना। इस दौरान जमीन जगह संबंधित पांच शिकायतें आईं, जिसमें दो का निस्तारण किया गया, जबकि तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई है।

# पुलिसकर्मियों ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

■ बढ़ती भीषण गर्मी से आम जनजीवन हुआ बेहाल




शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच जहां लोग घरों से निकलने से कतरा रहे हैं। वहीं फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश की।

शनिवार को पुलिस चौकी पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह चौकी प्रभारी अनूप सिंह टीएसआई सुरेंद्र सिंह अत्री व उनकी टीम ने चौकी के पास से गुजरने वाले राहगीरों और आम नागरिकों को ठंडा शर्बत पिलाकर राहत प्रदान की। पुलिसकर्मियों द्वारा ठंडे पेय पदार्थों का वितरण कर लोगों को कुछ देर के लिए गर्मी से राहत दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीर रुके और इस नेक कार्य की सराहना की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि इस तेज धूप और बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए शर्बत पिलाने का कार्य किया गया है। ऐसे आयोजन इस गर्मी में लोगों को कराना चाहिए जिससे आम जन को शर्बत पीकर सुकून मिल सके। चौकी प्रभारी अनूप सिंह व टीएसआई सुरेंद्र सिंह अत्री ने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना भी है। भीषण गर्मी में हर व्यक्ति की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जरूरतमंदों की मदद करें। यह पहल उसी भावना से शुरू की गई है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी पुलिस की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और सम्बन्ध मजबूत होते हैं।

# डीएम ने नाहल नदी किया निरीक्षण

■ नदी के पुर्नद्धार से पशु पक्षियों को पीने व किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पानी, पर्यावरण का होगा संरक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार को तहसील मीरगंज में स्थित नाहल नदी का पुनरोद्धार कराये जाने की दृष्टि से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक जनपद में एक नदी और एक झील जो कि पूर्व पानी से परिपूर्ण थीं, लेकिन वर्तमान में सूख चुकी है, या सूखने कि कगार पर हैं उन्हें पुनर्जीवित कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

उक्त के अनुपालन में जनपद की मीरगंज तहसील की नाहल नदी और आंवला तहसील की लीलौर झील का पुनरोद्धार किये जाने का निर्णय लिया गया है, इसी के दृष्टिगत कुछ समय पूर्व लीलौर झील का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे, और आज नाहल नदी का निरीक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नाहल नदी जनपद रामपुर के मिलकर कस्बे से होती हुई अपने जनपद में प्रवेश करती है, जनपद रामपुर की सीमा तक डीएम रामपुर द्वारा कार्य कराया गया है, अपने जनपद में भी पुनरोद्धार का कार्य जनसहभागिता के माध्यम से कराया जायेगा, जिससे पशु पक्षीयों को पीने के लिए पानी मिल सके, और किसानों को भी सिचाई के लिए पानी मुहैया हो सके। इससे पर्यावरण का संरक्षण होगा। नदी के किनारे पेड़ पौधे आदि लगाकर सौन्दर्यकरण भी कराया जायेगा।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को नदी की साफ-सफाई कराने और उसके पुनरोद्धार करने संबंधी कार्य कराने के निर्देश दिए।

# बिजली चोरों के खिलाफ विभाग का ताबड़तोड़ एक्शन

■ कई पर प्राथमिकी व काटे गए कनेक्शन मची हलचल

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार सुबह सुबह बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने उपकेंद्र नंदोसी में चेकिंग अभियान चलाया मचा हड़कंप

आला अधिकारियों के दिशा निर्देश पर सुबह सुबह कांबिंग अभियान चलाया गया इस दौरान करीब 175 कनेक्शन की जांच की गई जिसमें 12 उपभोक्ताओं का विद्युत भार बढ़ाया गया जबकि कई के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई इसके अलावा विद्युत बिल की बकाया राशि ना चुकाने पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए साथ ही मीटर को बाहर शिफ्ट किया गया

एसडीओ अंकित द्विवेदी ने बताया कि कई बिजली चोरी के मामले पकड़े गए व कनेक्शन काटे गए। टीम ने कई बड़े बकाएदारों के भी कनेक्शन काटे साथ ही लोगों को बिजली चोरी के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जेई रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि यह अभियान इसी तरह आगे भी जारी रहेगा इससे राजस्व बसूली और बिजली चोरी पर रोक लगेगी। इस दौरान एसडीओ फतेहगंज पश्चिमी अंकित द्विवेदी एसडीओ मीरगंज निखिल जायसवाल एसडीओ नवाबगंज राजेंद्र सिंह एसडीओ रिठौरा अरुण कुमार अवर अभियंता रमेश चंद्र गौतम, अजय कुमार, सोम प्रकाश, मोहित कुमार वर्मा, राकेश, बाबूराम, करुणेश मिश्रा ,राकेश माहेश्वरी,मोहित, रामदेव वर्मा , समस्त टी जी टू लाइन स्टाफ, मोहम्मद शब्बीर, सोनू आदि मौजूद रहे।

# 30 घंटे बाद मिली लाइट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** शुक्रवार को सारे दिन ठेकेदार ने केबल डलवाई, जब शाम को आपूर्ति की गई तो केबल में आग लग गई, जैसे-तैसे कर्मियों ने इसे ठीक किया तो फिर केबल जल गई, यहां तक कि तीन बार केवब में आग लगी, और उसके बाद लाइट ठप हो गई, और कर्मी अपने अपने घर चले गए, और फिर सारी रात उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी और मच्छरों के बीच रात करवटें बदल-बदल कर गुजारनी पड़ी।

शुक्रवार की सुबह ठेकेदार ने जेपीएन इण्टर कॉलेज से आरिफ के घर तक नई केबल डालने का काम शुरू कराया जो शाम तक चलता रहा, इस दौरान नई बस्ती पश्चिमी, गांधी टोला, चौपला आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप रही।

शाम को जैसे ही आपूर्ति शुरू की गई तो डाली गई इस केबल में आग लग गई और आपूर्ति फिर ठप हो गई। जैसे-तैसे कर्मियों ने इसे ठीक किया, और आपूर्ति चालू की गई तो फिर केबल में आग लग गई। यह घटनाक्रम एक नहीं तीन बार हुआ, और आखिर में बिजली कर्मी भी उपभोक्ताओं को राम सहारे छोड़कर चले गए।

तहसील चौराहे पर रात करीब 11 बजे तक भाजपा के मंडल अध्यक्ष केशव गुप्ता, नगर मंत्री सुरेंद्र राठौर, युवा नेता सूर्य प्रकाश राठौर, राजकुमार वर्मा, कोटेदार खुर्शीद अहमद अंसारी, क्रिकेटर नसीर अहमद, शिक्षक मो० अली, अय्यूब सिद्दीकी सहित दर्जनों उपभोक्ता जमे रहे, और आला अधिकारियों को फोन घनघनाते रहे, लेकिन कहीं से भी समस्या का समाधान नहीं निकल पाया, और फिर सभी उपभोक्ता विजली विभाग को कोसते हुए अपने-अपने घरों को वापस लौट गए। शनिवार को केबल बदले जाने के बाद सुबह करीब 11 बजे आपूर्ति चालू हो पाई। लाइन पर लोड अधिक होने की वजह से आपूर्ति रोक-रोक कर की गई, जिसपर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

# बुजुर्गों को जवान दिखाकर कराते थे बीमा

## फिर मरा दिखा हड़प लेते थे क्लेम, आठ जालसाज गिरफ्तार




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** एसटीएफ टीम को शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। एसटीएफ ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत फर्जी बीमा कर लाखों रुपये का क्लेम हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। काफी दिनों से गलत तरीके से बीमा करवाकर क्लेम हड़पने वाले गिरोह के बारे में सूचनाएं मिल रहीं थीं।

शुक्रवार को बरेली एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर को सूचना मिली कि जीवन ज्योति योजना के तहत फर्जी बीमा करने वाले गिरोह के सदस्य भोजीपुरा क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर हैं।

टीम ने मौके पर पहुंचकर आठ लोगों को पकड़ लिया। टीम इन्हें भोजीपुरा थाने ले आई। आरोपियों में भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी राहुल गिहार, पीपलसाना चौधरी निवासी जगदीश, बंटी, नरेंद्र उर्फ नंदू, मॉडर्न विलेज निवासी सुरेंद्र गंगवार, दियोरिया निवासी बासिद, सुभाषनगर के मोहल्ला अशोकनगर निवासी संदीप और इज्जतनगर ऐरो सिटी निवासी प्रभाकर त्रिपाठी शामिल थे।

जबकि, एक आरोपी योगेश अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए लोगों के पास से टीम को 14 क्लेम फार्म, 23 मूल आधार कार्ड, 33 बैंक पासबुक, 6 पैनकार्ड, 66 ग्राम प्रधान द्वारा हस्ताक्षर किए निवास संबंधी प्रमाणपत्र, 12 मोबाइल, 85 डाक टिकट, 3300 रुपये नकद बरामद किए हैं।

### सर्वेयर लेते थे तीस हजार रुपये

फर्जी बीमा करने वाले राहुल, जगदीश, नरेंद्र, सुरेंद्र और बंटी क्षेत्र में मरणासन्न बुजुर्गों का बीमा फार्म भरवाते थे। संदीप, योगेश और प्रभाकर त्रिपाठी सर्वेयर का काम करते थे। यह लोग हर केस करने में तीस हजार रुपये तक लेते थे। प्रभाकर त्रिपाठी लोगों को गुमराह करने के लिए अपना नाम अनिल बताता था। इन लोगों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। इन लोगों ने और कितने फर्जी बीमे किए हैं, इसका डाटा जुटाया जा रहा है।

### 85 साल के शख्स की उम्र दिखाते थे 48, मौत के बाद हड़प लेते थे राशि

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष के बीच लोगों का बीमा बैंक स्तर पर ही करने का नियम है। इसमें सालाना प्रीमियम करीब 434 रुपये खाते से ही कट जाता है। इस अवधि में खाता धारक की मौत होने पर दो लाख रुपये की मदद उसके आश्रित को मिलती है। ये शातिर लोग बुजुर्गों का फर्जी आधार कार्ड बनाकर उनकी उम्र कम दिखाकर बीमा करते थे। उनकी मौत होने के बाद लाखों रुपये का क्लेम लेकर रकम हड़प लेते थे। कई फाइल ऐसी मिलीं जिसमें मृत्यु से कुछ दिन पूर्व ही बीमा कराया गया था। शक होने पर भुगतान रोककर इन फाइलों की जांच शुरू की गई। 80 से 85 वर्ष के वृद्धों की उम्र करीब 48 साल दिखाकर बीमा किए गए थे।

### बासिद और फहीम बनाते थे फर्जी आधार कार्ड

भोजीपुरा दियोरिया निवासी बासिद और उसके गांव का फहीम उर्फ गुड्डू ऐसे बुजुर्ग लोगों के आधार कार्ड बनाते थे, जिनकी मृत्यु होने वाली होती थी। दोनों लोग बुजुर्ग लोगों का फर्जी आधार बनाकर उनकी उम्र 48 वर्ष कर देते थे। जब बुजुर्ग की मौत हो जाती थी तो क्लेम की रकम का बंदरबांट हो जाता था। कई बार ये लोग मृतक के परिजन नॉमिनी की चेकबुक व हस्ताक्षर लेकर रख लेते थे, और बैंक कर्मियों की मिली भगत से रकम निकाल लेते थे।

कई बार नॉमिनी को कुछ रकम दे देते थे, और कई बार उसे क्लेम मिलने का अहसास ही नहीं होता था। यह लोग फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर की नकल भी बनाते थे। बासिद और फहीम ने किन-किन लोगों के फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित मृत्यु प्रमाणपत्र और परिवार रजिस्टर की नकल बनाई इसकी तस्दीक की जा रही है।


काफी समय से इस गिरोह की गतिविधियों पर नजर थी। फिलहाल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है, नए खुलासों के साथ नए आरोपी सामने आ सकते हैं।

**अब्दुल कादिर, एएसपी एसटीएफ**

# एसडीएम ने गोशाला का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भीषण गर्मी के मद्देनजर उपजिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव ने शरीफनगर स्थित गौशाला का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंश के लिए चारा और पानी की उपलब्धता देखी। उपजिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव ने गौशाला प्रबंधन को गौवंश की देखभाल के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश के लिए चारा और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उपजिलाधिकारी ने आगामी वर्षा में बाढ़ की संभावना के दृष्टिकोण से भी तैयारी हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में गौवंश की सुरक्षा और देखभाल के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। निरीक्षण के दौरान बीडीओ शेरगढ़ और पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी गौशाला प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए, और गौवंश की देखभाल के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया।



# बेटे ने अपने बीमार पिता को अपना दान किया

eFkjkA फादर्स डे के अवसर पर पिता.पुत्र के अटूट प्रेम की मिसाल पेश करते हुए एक कॉलेज में पढ़ने वाले बेटे ने अपने बीमार पिता को जीवन. दान देने के लिए अपना आधा लिवर दान किया। यह लिवर प्रत्यारोपण मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जो उन्नत लिवर केयर और ट्रांसप्लांट सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र है। 51 वर्षीय हरियाणा निवासी जोगि. ंदर चावला पिछले दो वर्षों से पुरानी लिवर बीमारी से जूझ रहे थे। लगातार पीलिया, पेट में पानी भरना और आंतों से रक्तस्राव जैसी गंभीर समस्याएँ उनकी हालत को दिन.प्रतिदिन बिगाड़ रही थीं। तमाम इलाज के बाद भी जब लिवर पूरी तरह विफल होने लगा, तो प्रत्यारोपण ही आखिरी विकल्प बचा। उपयुक्त डोनर की तलाश के दौरान,चावला के कॉलेज.पढ़ने वाले बेटे का रक्त. समूह मेल खा गया और उसने आगे बढ़कर अपने जिगर का एक हिस्सा दान करने का निश्चय किया। भावुक परिवार के लिए यह फैसला आसान नहीं थाकृएक ओर बेटे के स्वास्थ्य की चिंता, दूसरी ओर पिता को बचाने की तात्कालिक आवश्यकता। परंतु बेटे के अडिग संकल्प ने सबको हौसला दिया। उसने शांत स्वर में कहा, "पापा हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं, अब मेरी बारी थी।" मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद के डॉ. पुनीत सिंगला, प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर ट्रांसप्लांट व एचपीबी सर्जरी, के नेतृत्व में बहु.विषयक टीम ने इस जटिल शल्य.क्रिया को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ अंजाम दिया। जिससे रक्तस्राव न्यूनतम रहा और दोनों मरीजों की रिकवरी तेज हुई। डॉ. सिंगला ने कहा, "इस प्रत्यारोपण की सफलता केवल शल्य.कौशल पर नहीं, बल्कि इस परिवार की मानसिक. भावनात्मक दृढ़ता पर भी निर्भर




रही। लिविंग.डोनर लिवर ट्रांसप्लांट तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण होते हैं, पर आधुनिक प्रगति और अनुभवी टीम के साथ परिणाम बेहद सुरक्षित और प्रभावी हैं।

यह पिता.पुत्र की कहानी चिकित्सा विज्ञान की क्षमताओं और पारिवारिक रिश्तों की ताकत को एक साथ रेखांकित करती हैकृकभी.कभी सबसे अनमोल उपहार खरीदा नहीं जाता, बल्कि अपने भीतर से दिया जाता है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद में नवीनतम लिवर ट्रांसप्लांट आईसीयू, एकीकृत मॉड्यूलर ऑपरेटिंग रूम और समर्पित हेपाटोलॉजी टीम है, जो ऑपरेशन.पूर्व तथा पश्चात देखभाल पर बारीकधी से नजर रखती है। उन्नत रिकवरी प्रोटोकॉल की बदौलत दाता और प्राप्तकर्ता दोनों शीघ्र सामान्य जीवन में लौट सके। इस मामले में पिता.पुत्र को स्वस्थ एवं स्थिर स्थिति में डिस्चार्ज कर दिया गया, जिससे परिवार ने राहत की साँस ली।

# आयशर ट्रैक्टर्स का मेगा इम्प्लीमेंट डेमो एवं किसान गोष्टी कार्यक्रम का आयोजन

eFkjkA आयशर ट्रैक्टर्स द्वारा आयोजित किसान दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सहार गाँव मे सामापन हुआ जिस मे 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन कुमार (ए.वी.पी सेल्स एवं मार्कटिंग–आईसर ट्रैक्टर्स) विशिष्ट अतिथि अभिषेक पाल (क्षेत्रीय प्रबंधक सेल्स आयशर ट्रैक्टर्स ) उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना एवं कृषि क्षेत्र में आये नये उपकरण और तकनीकों से अवगत कराना था। टैफे ग्रुप के श्री नवीन कुमार जी (ए.वी.पी सेल्स एवं मार्कटिंग–आईसर ट्रैक्टर्स ने बताया कि यह समारोह कंपनी द्वारा पिछले 16 वर्षों से संपूर्ण भारत में आयोजित होता रहा है। कार्यक्रमों के माध्यम से



आयशर ट्रैक्टर्स हमेशा सामा. जिक उत्थान हेतु सक्रिय रहता है और विशेष तौर पर बालिकाओं को शिक्षा में परस्पर रूप से सहयोग एवं प्रोत्साहन करता आया है। इस किसान दिवस पर प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया और उन्होंने अपने अनुभव बांटकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए समारोह में शामिल अन्य किसानों को प्रोत्साहित किया।कायक्रम में कृषि क्षेत्र के विभिन्न सांइटिस्ट एवं कृषि विशेषज्ञों द्वारा जानकारियों का आदान–प्रदान किया गया जिससे किसान भाई बेहद लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में मथुरा के डीलर ओंकार प्रसाद महेश चन्द एंड संस एवं आयशर टीम इस अवसर पर सम्मिलित हुए एवं किसान दिवस समारोह में आए सभी किसान भाइयों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी का फरमान, अधिक समय तक लंबित न रहें शिकायतें



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर सदर कोतवाली व थाना गजरौला में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ चकरोड, भूमि विवाद, आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आई समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के

# हर घंटे की बिजली कटौती बनी पीड़ा लोग बोले–अब सब्र का बांध टूट रहा

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में जहां लोग राहत की उम्मीद करते हैं, वहीं जनपद पीलीभीत के पूरनपुर डिवीजन अंतर्गत हरिपुर पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए रोज़ की सजा बन गई है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि हर 30 मिनट की बिजली के बाद एक घंटे का अंधकार अनिवार्य हो गया है। ग्रामीण हो या कस्बाई क्षेत्रकृहर कोने से एक ही आवाज़ आ रही है: "इतनी अनियमितता और उपेक्षा पहले कभी नहीं देखी!" उपभोक्ताओं का आरोप है कि यह कोई एक दिन की समस्या नहीं, बल्कि हर रोज़ का 'अघोषित शेड्यूल' बन चुकी है। कहीं आधे घंटे बाद बिजली काट दी जाती है, तो कहीं एक घंटे चलने के बाद अगले एक घंटे की कटौती तय है। यह चक्र रात भर जारी रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी उन मेहनतकश लोगों को हो रही है दिक्कत।

# नीट परीक्षा में मथुरा से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के 15 छात्र टॉप अचीवर्स में शामिल

**मथुरा।** देशभर में टेस्ट प्रिपरेशन सेवाओं में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (।म्स्) ने गर्वपूर्वक घोषणा की है कि मथुरा शाखा के 15 छात्रों ने नीट यू जी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह शानदार उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शैक्षणिक अनुशासन और ।म्स् द्वारा प्रदान किए गए विश्वस्तरीय कोचिंग एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस परीक्षा के परिणाम घोषित किए।

प्रमुख सफल छात्रों में शामिल हैं:

पुलकित रावत–5570
श्रेया शर्मा –6236
' सुषांत कुमार –10993
' विशेष राजपूत–11111
' प्रियांशु सिंह–12667

इनके अलावा दस अन्य छात्रों ने भी नीट यू जी 2025 उत्तीर्ण कर मथुरा क्षेत्र और एईएसएल का गौरव बढ़ाया है। ये सभी छात्र एईएसएल के




क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जिसे खासतौर पर छम्म्ज् जैसी अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है।

छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय ।म्स् की मजबूत अकादमिक नींव, कॉन्सेप्ट की स्पष्टता और अनुशासित अध्ययन दिनचर्या को दिया। छात्रों ने साझा किया,"मैं आक. ाश का अत्यंत आभारी हूं, जिन्होंने इस पूरे सफर में मेरा मार्गदर्शन किया। संरचित स्टडी मटेरियल, विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन और व्यक्तिगत मेंटरिंग ने कठिन विषयों को समझना आसान बना दिया। आकाश के बिना यह सफलता संभव नहीं थी।"

एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर डी. के. मिश्रा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा 2025 में मथुरा शाखा के छात्रों ने जो शानदार प्रदर्शन किया है, उस पर हमें गर्व है। यह परीक्षा पूरे भारत से लाखों छात्रों की भागीदारी के साथ होती है, ऐसे में इस स्तर की रैंक प्राप्त करना न केवल छात्रों की मेहनत को दर्शाता है, बल्कि उनके माता–पिता के सहयोग और हमारी अकाद. मिक टीम के समर्पण का भी प्रमाण है।

हम इन छात्रों के उज्ज्वल मेडिकल करियर की कामना करते हैं।

नीट नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा हर साल आयोजित की जाती है, जो डठठै, ठक्ै, और कोर्सेज में प्रवेश के लिए पात्रता परीक्षा है। यह भारत के सरकारी और निजी संस्थानों के साथ–साथ विदेश में मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए भी अनिवार्य है।

# विकास कार्यों को लेकर ब्लॉक प्रमुख ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात



**पूरनपुर।** क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति देने के उद्देश्य से ब्लॉक प्रमुख मानसी निर्विकार अपूर्व सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की प्राथमिकताओं और लंबित परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और शासन की सभी योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने में पूरा सहयोग दिया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख मानसी निर्विकार अपूर्व सिंह ने बताया कि वह पूरनपुर क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों में जुटी हैं और जनता की अपेक्षाओं को प्राथमिकता दे रही हैं।

# तकनीकि खराबी के चलते 12 घंटे बंद रही शहर भर की विद्युत सप्लाई, व्यापारी नेता पहुंचे विद्युत उपकेंद्र

**पीलीभीत।** भीषण गर्मी में शनिवार सुबह 6 नकटादाना विद्युत उपकेंद्र पर तकनीकी खराबी के चलते शहर भर की विद्युत सप्लाई बंद हो गई जिसे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शाम 6 बजे लगभग 12 घंटे बाद सुचारू कर पाया।

भीषण गर्मी में इतने लंबे समय तक कटौती से आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग सारा दिन बिजली न आने से अपने दिनचर्या के कार्य भी नहीं कर सके। शाम 4 बजे व्यापारी नेता शैली अग्रवाल ने अपने साथियों के नकटादाना विद्युत उपकेंद्र पर पहुँच कर वहां अवर अभियंता जहाँगीर आलम से वार्ता कर वास्तविक स्थिति परखी और बताया की सुबह 6 बजे से बिजली न होने के कारण व्यापारियों के कारोबार ठप पड़े है लोगों के घर में इनवर्टर डाउन हो चुके हैं पीने



के पानी की समस्या भी हो रही है। इस दौरान व्यापारी नेता शैली अग्रवाल ने व्यापारियों से धौर्य बनाए रखने की अपील की और सुबह से विद्युत सप्लाई में आई खराबी सही करने में जुटे विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारीयों के कार्य की सराहना की।

उन्होंने यह भी कहा की तकनीकी खराबी के चलते आम जनता पर व्यापारियों को इस भीषण गर्मी में समस्या का सामना करना पड़ रहा है विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं हमें धैर्य बनाए रखना चाहिए।

# कुकर्म करने का विरोध किया था इसलिए की थी अनिल की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** हमारे देश के युवा आजकल किस हद तक जा रहे हैं इसका उदाहरण इस घटना से लिया जा सकता है। पांच दिन पूर्व जानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसका सिर ईंट से कुचला हुआ था पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में हत्या का मामला निकला। जानी खुर्द में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। मृतक की पहचान अनिल कुमार पुत्र मंगत. राम निवासी टीपी नगर मेरठ के रूप में हुई थी। वहीं मृतक के भाई सतीश ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना जानी थाना प्रभारी कर रहे थे शुक्रवार की देर रात पुलिस व स्वाट टीम की मदद से आरोपी को बागपत रोड से गिरफ्तार कर लिया आरा. ेपी को जब थाने लेकर आए तो पुलिस द्वारा पूछताछ की गई जहां आरोपी ने बताया कि अनिल को



पांच दिन पूर्व जानी अपने स्कूटर से लेकर आया था और शराब के नशे में अनिल से कुकर्म करने की फिराक में था लेकिन जब अनिल ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने ईंट से उसका सिर कुचल दिया और स्कूटी और ईट अपने साथ ले गया और अनिल को एक जानी खुर्द एक प्लाट में फेंक कर चला गया। पुलिस ने हत्या में उपयोग ईंट और अनिल की स्कूटी बरामद की आरोपी की पहचान आकाश उर्फ साहिल पुत्र बंटी निवासी मलियाना टीपी नगर फिलहाल आरोपी सरधना में रह रहा था। पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी आकाश उर्फ साहिल पुत्र बंटी को शनिवार को चालान कर जेल भेज दिया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 58 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में नगर की अंम्बेडकर धर्मशाला में आयोजित आई ड्रीम टू ट्रस्ट के तत्वाधान में 29वां भव्य रक्तदान शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान मन्दवाडी फतेह सिंह शर्मा, व संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल ऊर्फ पप्पू सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर युवाओं व समाज सेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान जीवनदान है के संदेश को सार्थक किया। आयोजनकर्ता आई ड्रीम टू ट्रस्ट की समर्पित टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य रूप से संस्था के राजन चौधरी संस्थापक, गौरव शर्मा, प्रशांत मोतला, मोनी प्रधान ने पूरी निष्ठा के साथ प्रबंधन व संचालन किया। रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी भारतीय चैरिटेबल ब्लड बैंक, मवाना की कुशल टीम ने निभाई, रक्तदान करने वाले सभी लोगों को स्मृति चिन्ह व प्रेषित पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अश्वनी बिश्नोई, अजय शर्मा, मनोज जाटव, योगेंद्र कुमार, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, राक. ेश जाटव, आदि 58 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. कैलाश राणा निदेशक, आरित (टेक्निकल सुपरवाइजर), स्टाफ नर्स अंकित, टेक्नीशियन आदिल, साहिल व तवनी राज आदि का सहयोग रहा है। आयोजन के अंत में सभी मुख्य अतिथियों और सहयोगी सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# 126 यूनिट रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने की ली शपथ

## श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय व विम्स के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय, विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं वीजीआई मेरठ, के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान में एक 'वृहद रक्तदान शिविर' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान प्रबंधन, छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए एक सौ छब्बीस यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने संस्थान परिसर में हाथो में तख्तियां लेकर लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया एवं रक्तदान कर लोगो के जीवन को बचाने की शपथ दिलायी। साथ ही एक सीएमई आयोजित कर उपस्थित चिकित्सको, पैरामेडिकल स्टाफ, एवं नर्सिंग छात्र–छात्राओ ने रक्तदान के महत्व को




समझाया गया।

वेंक्टेश्वरा संस्थान के ब्लड बैंक (ब्लड सेन्टर) में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डीन मेडिकल डॉ. संजीव भट्, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एमएस प्रभु, डॉ. गरिमा भटनागर, डॉ. नौशाद अंसारी आदि ने फीता काटकर किया। इसके बाद शुरू हुए मेगा रक्तदान शिविर में सबसे पहले प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने रक्तदान किया। इसके बाद नर्सिंग, फार्मेसी, एग्रीकल्चर, प्रबंधन के छात्र–छात्राओं, शिक्षको एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने बढ़–चढ़कर रक्तदान करते हए 126 यूनिट रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने की शपथ ली। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि मतदान, गौदान (गाय दान), कन्यादान को हमारे देश में श्रेष्ठ दान माना गया है पर रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान की श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि इसके द्वारा आप जरुरतमंद को नया जीवन देते है। उन्होंने सभी से स्वयं रक्तदान करने के साथ–साथ दूसरो को भीर रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581–2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दबंगों से तंग होकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे के मोहल्ला गिरधरपुर में रहने वाले युवक मनीष उर्फ सीटू 22वर्षीय ने शनिवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि मनीष पड़ोस में रहने वाले तीन सगे भाइयों की धमकियों और मारपीट से लगातार मानसिक तनाव में था।

मनीष की मां कमलेश के अनुसार, गुरुवार को मोहल्ले के तीन युवकों ने डंडों से मनीष की पिटाई कर दी थी और घर छोड़ने की धमकी दी थी। इस घटना के अगले ही दिन शुक्रवार को आरोपियों ने दोबारा मनीष के घर में घुसकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। यह सभी घटनाएं मनीष को झकझोर गईं



मृतक का फाइल फोटो

और शनिवार रात करीब दो बजे उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मां कमलेश ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी परि. जनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ले रहे हैं।

# सड़क हादसों में बाइकों पर सवार दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** रठौड़ा माार्ग पर नहर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से बाइक सवार रुपेश 35 वर्षीय निवासी पट्टी धनकोशिया की मौत हो गई। इसके अलावा बड़ौत मार्ग पर सिनौली गांव में ई-रिक्शा की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

कस्बे की पट्टी धनकोशिया निवासी रुपेश शुक्रवार को अपनी पत्नी और बच्चों को सिरसली गांव में ससुराल छोड़कर वापस लौट रहा था। छपरौली-रठौड़ा मार्ग नहर के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रूपेश को राहगीरों और पुलिसकर्मियों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रासते में उसकी मौत हो गई। अमरपाल ने बताया कि उसका भाई रुपेश मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी प्रीति और दो बेटे, दो बेटी रह गए हैं। दूसरा हादसा सिनौली गांव में हुआ। जहां बड़ौत की तरफ से आ रही ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस का कहना है कि सिनौली में हुए हादसे के मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों हादसों में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में भीषण गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड भट्टी की तरह तप रही है। शहर की सड़के मौसम विभाग भी कर चुका है अलर्ट जारी पूरे एनसीआर क्षेत्र में प्रखंड गर्मी का प्रकोप बरकरार चल रहा है। बीते कई दिनों से हो रही गर्मी से निजात नहीं मिल रही है। भीषण गर्मी के चलते बुजुर्ग लोगों का दम फूलने लगा है। शहर की सड़के आग की भट्टी की तरह तप रही है। विशेष तौर पर बडौत एनसीआर क्षेत्र लु चपेट में है। मौसम विभाग भी यह सूचना दे रहा है कि 20 जून तक और भी गर्मी अधिक होने के असर है। इलाकों में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। उमश भरी गर्मी हिट वेव की परिस्थितियों दिन प्रतिदिन बदल रही है। शहर की सड़के 12 बजे से 3 बजे तक सुनसान नजर आती है। सड़कों पर



इक्का-दुक्का आदमी के अलावा बसों के पहिए भी नहीं चल रहे हैं। चिकित्सकों पर का कहना है कि गर्मी में रोजाना कम से कम 5 लीटर पानी शरीर में जाना चाहिए। पानी शरीर में ऊर्जा बढ़ाने का काम करता है। वहीं दूसरी तरफ लोगों को विद्युत विभाग भी रुलाने का काम कर रहा है। घरों में लो वोल्टेज के कारण घरों के उपकरण भी थूक रहे हैं लो वोल्टेज के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है। 11 बजे के बाद लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं बार-बार बिजली कटौती हो रही है। दिन भर में बिजली लगभग चार-पांच घंटे गुम हो रही है। इससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है लोगों ने विद्युत विभाग से सुचारू रूप से बिजली सप्लाई किए जाने की मांग की है।

# छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति मोनो एक्टिंग सिखाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** संस्कृति मंत्रालय उ.प्र. सरकार के माध्यम से भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ उ.प्र. के तत्वाधान में अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में द्वितीय दिवस 'अभिनय रंग पाठशाला 'शि. विर में छात्र-छात्राओं ने अभिनय की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करना, मोनो एक्टिंग की बारीकियां सीखी।

शिविर में भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ के अभिनय कला का प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक अब्दुल सलाम अंसारी बीएनए द्वारा द्वितीय दिवस शिविर में आए छात्र-छात्राओं को नाटय कला के मोनो एक्टिंग, अभिव्यक्ति प्रकट करना, गंभीरता से संवाद बोलना सूत्रों का ज्ञान कराया गया।

# भारतीय किसान यूनियन अम्बावता ने पुलिस पर लगाया वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुलिस चौकी पर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप लगा धरना दिया गया और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जांच कर कार्यवाही की मांग की गयी।

भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिला उपाध्यक्ष सुऐब पुत्र अकबर ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाते हुए कहा था कि ईद के त्यौहार पर खुले में कुरबानी के नाम पर रटौल पुलिस चौकी पुलिस उसे और उसके पिता को उठा ले गये थे और एक लाख लेकर छोड़ने की मांग की थी जिससे उन्हें तीस हजार रूपये लेकर छोड़ा गया जिसकी शिकायत उसने भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के पद अधिकारीयो



से की थी जब भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) ने शनिवार को पुलिस चौकी पर धरना करने की बात कही थी। बाद में सुऐब ने पुलिस पर लगाये आरोपो को नकार दिया था और अवैध वसूली की बात से इंनकार किया था लेकिन भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान ने युवक को दबाव मे लेने की बात कही थी और शनिवार को रटौल पुलिस चौकी पर धरना शुरु कर दिया। उनका आरोप है कि उनके जिला उपाध्यक्ष को पुलिस दबाव मे लेकर ब्यान बदलवा रही है और जिससे वह रटौल से कही चला गया है जिससे लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। उधर थाना खेकड़ा कोतवाल कैलाश चंद ने किसानों की बात को सुना और उन्हें आश्वासन दिया। वही किसानों ने उन्हें एसपी के नाम पत्र सौपा वही किसानों नेताओं ने चेतावनी दी अगर आठ दिन में आरोपी लोगो के खिलाफ कार्यवाही नही हुई तो एसपी कार्यलय पर धरना देगे। धरने में फरदीन, विलास, पवन, मनोज, सत्यम, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रटोल ढिकोली मार्ग पर बनी भैसों की डेयरी से सात बकरी चोरी

**शाह टाइम्स संवददाता**

**रटाल।** ढिकोली मार्ग पर रटौल के पास मलिक अहमद पुत्र अली अहमद की भैंसों की डेरी बन रही सात बकरियों को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। आज दोपहर दो बजे के करीब परिजन किसी कम से डेरी को ऐसी ही छोड़कर जुमा पढ़ने के लिए गये थे तभी चोर सात बकरे चोरी कर ले गये।

### शिविर में आए छात्र -छात्राओं को नाटय कला के प्रारंभिक सूत्रों का कराया ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** संस्कृति मंत्रालय उ.प्र. सरकार के माध्यम से भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ उ.प्र. के तत्वाधान में 10 दिवसीय अभिनय रंग पाठशाला शिविर का अर्वाचीन भारती भवन इंटर कॉलेज खेकड़ा-बागपत के प्रांगण में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ समन्वयक उमेश शर्मा ने शुभारंभ किया। शिविर में भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ के अभिनय कला का प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक अब्दुल सलाम अंसारी बी एन ए द्वारा प्रथम दिवस शिविर में आए छात्र -छात्राओं को नाटय कला के प्रारंभिक सूत्रों का ज्ञान कराया गया। अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के डायरेक्टर, एवं समन्वयक उमेश शर्मा ने बताया कि भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ द्वारा निवेदन के उपरांत शिविर के लिए 10 छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ोतरी कर दी गई है। शि. विर में 8 वर्ष से 20 वर्ष तक की आयु के किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं,या युवक युवती भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त सभी बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ संस्कृति मंत्रालय विभाग लखनऊ द्वारा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए अभिनय के अवसर प्रदान भी किए जाएंगे।

### खेत पर मेढ़ बांधने से मना करने पर बुजुर्ग के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी गांव मे खेत पर मेढ को लेकर तीन लोगो ने एक बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दी पीड़ित ने थानें आरोपीयों के खिलाफ पहुंच तहरीर दी है।

गढी कलंजरी निवासी 75 वर्षीय रामपाल पुत्र नंबर सुबह अपने खेत पर काम कर रहा था तभी पडौस के ही भूपेंद्र, रोहित, रामे उसके खेत में मेढ बाधनें लगे उसने विरोध किया तो उसके साथ जमकर मारपीट की गयी जिसमें बुजुर्ग घायल हो गया आरोपी पीड़ित को पीट वहा से फरार हो गये पडौस के लोगो की सूचना पर परिजन मौकें पर पहुंचे और गम्भीर हालत में बुजुर्ग को थानें ले गये जहा आरोपीयों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की गयी है।



### धनौरा सिल्वरनगर के 200 ग्रामीणों से एक करोड़ रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धनौरा सिल्वरनगर गांव के 200 ग्रामीणाों से एक करोड़ रुपये की ठगी करने के बाद ठग लापता हो गया। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे धनौरा सिल्वरनगर गांव निवासी यशपाल, रिंकू, पप्पू, पूरन, देवेंद्र आदि ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर दस-दस लोगों की समिति तैयार की, जिसमें गांव के 200 लोगों को जोड़ा गया। समितियों में शामिल लोगों को 40 माह तक रुपये जमा करने पर दस?ीसदी लाभ मिलने का झांसा दिया। इसके बाद हर महीने लोगों से रुपये जमा किए गए। आरोप लगाया कि मई माह तक ग्रामीणों के एक करोड़ से अधिक रुपये जमा हो गए, इसके बाद जमा करने वाला लापता हो गया। उसके परिवार वाले वापस आने पर हिसाब करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने ठगे गए रुपये वापस दिलाने की मांग की। एसडीएम अविनाश त्रिपाठी का कहना है कि जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

### ईपीई पर टेंपो पलटने से 15 श्रद्धालु घायल

**खेकड़ा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर कार की साइड लगने से राजस्थान के भिवाड़ी में बाबा मोहनराम के मंदिर में दर्शन करने जा रहे परतापुर मेरठ के श्रद्धालुओं का टेंपों पलट गया। इस हादसे में 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनका निजी और जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। मेरठ जिले के परतापुर निवासी 15 श्रद्धालु बृहस्पतिवार रात टेंपो में सवार होकर राजस्थान के भिवाड़ी स्थित बाबा मोहनराम काली खोली मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। देर रात ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर बड़ागांव के पास पहुंचे तो पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान कार ने टेंपो में साइड मार दी। इससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में टेंपो में सवार श्रद्धालु पवन, उसकी पत्नी पूजा, बेटा आर्यन, विकास, जयसिंह, उमेश, राधेलाल, पंकज समेत करीब 15 श्रद्धालु घायल हो गए। राहगीरों और पुलिसकर्मियों ने घायलों को उठाकर निजी अस्पतालों में उपचार कराया, जबकि घायल पवन, पूजा और आर्यन का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार चालक का पता लगाया जाएगा।

# एक वो भी जमाना था, जब साइकिल लोगों की हुआ करती थी शान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अनिल शर्मा, बडौत।** एक वो भी जमाना था जब साइकिल लोगों की शान हुआ करती थी जब दहेज़ में भी साइकिल दी जाती थी अब अगर दहेज में हेलीकॉप्टर भी दे दे तो वह भी मायने नहीं रखता जमाना ही बदल गया। बड़े बुजुर्गों की बातों को नहीं मानने वाले आज के युग में खता खा रहे हैं। घर के बड़े बुजुर्ग कहते थे कि वैसे साइकिल के भी अपने बहुत फायदे हैं यह स्वस्थ रखती हैं, लेकिन अब चारों ओर गाड़ियों के शोर और दिखावे के बावजूद आज भी हमारे लिए साइकिल की उपयोगिता कम नहीं हुई है। कोरोना काल के दौरान और उसके बाद भी साइकिल की बिक्री बाजार में बढ़ी है। साइकिल चलाना हर तरफ से लाभदायक है। इससे शारीरिक सेहत बरकरार रहती है प्रतिदिन साइकिल चलाने से व्यक्ति



का शक्कर का स्तर और रक्तचाप सामान्य रहता है। सच यह है कि साइकिल चलाना एक संपूर्ण व्यायाम है पर्यावरण के लिए भी यह नुकसानदायक नहीं है क्योंकि अन्य वाहनों की तरह इससे धुआं नहीं निकलता है और वायु प्रदूषण नहीं होता है कई देशों के लोग सबसे ज्यादा साइकिल चलाते हैं। साइकिल लोगों के खर्च को भी कम करते है हमारे देश सहित संपूर्ण विश्व में साइकिल संस्कृति को बढ़ावा मिलना चाहिए जिससे बढ़ते प्रदूषण से है। राहत मिल सके क्यों ना सरकार को हफ्ते में एक दिन के लिए फोर व्हीलर व टू व्हीलर वाइकल बंद करने के लिए सोचना चाहिए। बढ़ते हुए प्रदूषण से पर्यावरण को बचाया जा सके।

# मयंक ने की नीट में उल्लेखनीय सफलता हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** कस्बे के भांजे मयंक कादियान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मयंक के पिता नरेश कादियान शिक्षक हैं और माता सरिता कादियान स्वास्थ्य विभाग पानीपत में कार्यरत हैं।



मयंक की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी बहन आशी भी इस सफलता पर गौरवान्वित हैं। मयंक की सफलता का राज उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण रहा है। वह प्रतिदिन 10 घंटे नियमित रूप से अध्ययन करते थे। मयंक का मानना है कि स्पष्ट लक्ष्य और सच्चे समर्पण से कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। दोघट कस्बे व मयंक के मूल गांव नंगलाढी जनपद पानीपत में इस सफलता की खबर फैलते ही खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। कस्बे के कई गणमान्य लोगों ने मयंक के घर जाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खुशी जताने वालों में बिमला, सविता, निर्मल, बरखा, बबीता, सरिता, अंजलि, उषा, बलबीर फौजी, शीशपाल, सतबीर, जितेंद्र, मास्टर अशोक पंवार, रवि बालियान, राजीव, सुशील चौधरी, मुकेश पंवार, सोनू पवार अखिलेश, पंवार, जयंत, चिंकी आदि रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र मिलेगा। बागपत से 27 बसों में 1250 अभ्यर्थी लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

इस दौरान एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 17 जून से सभी अभ्यर्थी अपने-अपने केंद्रों पर ट्रेनिंग शुरू करेंगे। बागपत पुलिस लाइन में 316 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। रिजर्व पुलिस लाइन में अभ्यर्थियों को आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए गए। ट्रैफिक सीओ विजय चौधरी की अगुवाई में बसें लखनऊ के लिए रवाना हुईं। एडिशनल एसपी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है।

उनका कहना है कि मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र पाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। अभ्यर्थियों ने कहा कि वे कड़ी मेहनत से हासिल किए गए इस अवसर पर खरे उतरेंगे और निष्पक्ष भाव से देश की सेवा करेंगे।

# अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को लेकर दी मृतक आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट ने शनिवार को शोक सभा में कैंडल जलाकर गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतक आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट की शोकसभा आज शाम वात्सायन पैलेस में ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षा विद कुंवर महासिंह चौहान की अध्यक्षता तथा कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग के संचालन में आहुत की गयी। सदस्यो ने केंद्र सरकार से हादसे में मृत जनों को पर्याप्त मुआवजा देने तथा दुर्घटना की गहन जांच करा भविष्य ऐसी कोई घटना न हो पुख्ता इंतजाम कराने की मांग की गई। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षा विद कुंवर महासिंह चौहान, संरक्षक प.राजपाल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य, राधेश्याम शर्मा, नन्दलाल डोगरा अध्यक्ष व्यापार संघ, गजेन्द्र सिंह बली एडवोकेट, मैनेजर राजेन्द्र शर्मा, मानसिंह पाल, महीपालसिंह सूब. ेदार, ब्रजमोहन गौतम, शीशपाल सिंह तोमर,धर्मवीर सिंह चिकारा, देवेन्द्र शर्मा, शिवप्रसाद, वेदप्रकाश, सुभाष चन्द गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# पत्नी ने पति और देवर पर लगाया मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बावली गांव में वार्ड नंबर 9 की जिला पंचायत सदस्य साक्षी ने कोतवाली में पति और देवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। साक्षी ने पति विनय मास्टर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि विनय मास्टर उन्हें अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि विनय के कई अन्य महिलाओं से अवैध संबंध हैं। विनय पहले सरकारी भर्तियों में पेपर लीक मामले में जेल जा चुका है। साक्षी ने आरोप लगाया कि विनय जिला पंचायत की विकास निधि का दुरुपयोग कर रहा है। वह सरकारी योजनाओं के धन का निजी लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहा है। एक सप्ताह पहले विनय ने चाकू से हमला किया, जिसके बाद उन्होंने सोनीपत के अस्पताल में इलाज कराया। पीड़िता ने विनय के भाई विपुल पर बच्चों को मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीओ विजय कुमार ने बताया कि विनय मास्टर और विपुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# महर्षि कश्यप सेवा ट्रस्ट ने कश्यप समाज के मेधावियों को किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को महाराजा अग्रसेन भवन बड़ौत निकट दिल्ली सहारनपुर रोड़ पर श्रीमहर्षि कश्यप सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में कश्यप समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कालूराम कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप महासंघ, मुख्य वक्ता तेजपाल सिंह कश्यप मुख्य वरिष्ठ लेखा अधिकारी पंजाब कैटर,विशेष अतिथि अश्वनी तोमर उपस्थित रहे। उन्होंने कश्यप समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप के पावन चरित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कश्यप



समाज के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 130 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें निधि, नंदनी कश्यप, संगम कश्यप, कीर्ति, हर्षित, कुंजन, आकांक्षा को विशेष ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता तेजपाल सिंह कश्यप ने बच्चों को अच्छे रोजगार में जाने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के महासर्. चव अनिल कश्यप द्वारा बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत अभी हाल ही में हुए प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 1 मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईश्वर सिंह कश्यप ने की तथा संचालन अशोक अंतिल ने किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और मातृशक्ति को पगड़ी, शाल एवं फूलमाला द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेहर पाल सिंह कश्यप, संरक्षक रवि कश्यप, अध्यक्ष अमित कश्यप, महासचिव अनिल कश्यप, महामंत्री लोकेंद्र कश्यप, विक्रांत कश्यप, तेजवीर सिंह कश्यप, परमवीर कश्यप, शिवम कश्यप, प्रशांत कश्यप, रणवीर सिंह कश्यप, डा.तेजवीर सिंह कश्यप नरेंद्र आदि रहे।

# सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/ रामपुर।** शनिवार को सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर नगर मंडल शाहाबाद रतन फार्म हाउस में सभा का आयोजन किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार भटनागर एवं जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि व पूर्व जिला महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता ने भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व 11 वर्ष की सभी योजनाओं के वारे मे बताया तथा कार्यक्रम मे कार्यक्रम संयोजक रोहित कुमार एडवोकेट ,नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह,अमर सिंह एडवोकेट, अन्नू रावत, मनीष शर्मा, मनोज भारद्वाज एडवोकेट, अनुभव शर्मा, गंगा सहाय वेद प्रकाश चंद्रवंशी, सुमित भटनागर, सुशील कुमार जोशी, विमल जोशी, एडवोकेट तथा सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्तागण व युवा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित चंद्रवंशी ने किया तथा अहमदाबाद मे हुई हृदय विदारक दुर्घटना मे मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए मौन धारण किया।

# मिलक में चोरों के हौंसले बुलंद पुलिस की पकड़ से दूर

## मिलक में बंद घरों को बनाते हैं चोर निशाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** पुलिस से बेखौफ चोर लगातार बंद घरो को बना रहे हैं निशाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर के कस्बा चौकी क्षेत्र में चोर बेखौफ होकर घूम रहे हैं और बंद घरो को निशाना बना रहे है। बीती रात भी चोरों ने नगर के मोहल्ला शाहू जी नगर में अज्ञात चोरों ने सुधा नाम की महिला के बंद घर में घुसकर जेवर नगदी और कपड़े सहित काफी सामान चुरा कर ले गए। इसी मोहल्ले के लाल सिंह के घर में भी दीवार बनकर घुसे चोरों ने घर में रखे जेवर कपड़े और नकदी लेकर फरार हो गए। साहू जी नगर से सटी ड्रीम सिटी (नवदिया) कॉलोनी में अज्ञात चोर ने रूबी सक्सेना के घर में घुसकर उसके घर से चांदी के सिक्के और नगदी लेकर



फरार हो गए। इसके अलावा मोहल्ला नसीराबाद में भी एक माह पूर्व अज्ञात चोरों ने बंद पड़े दो घरों में एक सप्ताह के बीच में चोरी कर इलाहाबाद जेवर और नगदी सहित सामान उड़ा कर ले गए थे। चोरी की बढ़ती इन घटनाओं से नागरिकों में दहशत का माहौल है पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाएंगे कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह ने कहा मामले की जांच चल रही है और जल्दी खुलासा किया जाएगा।

# धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में नामजद आरोपी दिलीप कुमार पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम मंगोली थाना शाहबाद जिला रामपुर को शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर आरोपी को उसके ग्राम मंगोली से दिलीप कुमार पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम मंगोली थाना शाहबाद जिला रामपुर को उ.नि. दिलीप कुमार ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी हे.का. देवराज सिंह का. कौशिन्द्र सिंह के साथ गिरफ्तार कर लिया।



बीते 13 मई को मोहल्ला मंगोली थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले करन सिंह पुत्र दीपचन्द ने मंगोली निवासी आरोपी दिलीप कुमार पुत्र भगवान दास के खिलाफ कोतवाली शाहबाद में निवासी ग्राम मंगोली थाना शाहबाद जनपद रामपुर द्वारा वन्टी कुमार नाम की फेसबुक आई.डी. से प्रभु श्रीराम से संबंधित एक धार्मिक भावना को आहात करने वाली पोस्ट डालकर हिन्दू समुदाय की धार्मिक भावना को आहत करने के संबंध में थाना शाहबाद में तहरीर दी थी। घटना के बाद से आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार था तथा घटना को लेकर विशेष समुदाय के लोगो में रोष व्याप्त था।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

# नकबजनी कर बंद पड़े रेस्टोरेंट में चोरी, मचा हड़कंप

## पुलिस ने कहा चोरी संदिग्ध जांच की जाएगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** स्वार बाजपुर मार्ग स्थित बिजली घर के निकट बंद पड़े फैमिली रेस्टोरेंट में नकब्जानी कर चोर 15000 की नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए चोरी की तहरीर पुलिस को सौंप गई है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बिजली घर के निकट स्वार मार्ग पर फैमिली रेस्टोरेंट में तीन सेट की दीवार काटकर अंदर घुस गए और गुल्लक में राखी 15000 की नगदी सैमसंग मोबाइल सोने की चेन चोरी कर ले गए शुक्रवार की सुबह रेस्टोरेंट स्वामी वीरेंद्र कुमार उर्फ भेरू पुत्र



भजनलाल निवासी बिजारखाता रेस्टोरेंट पर पहुंचा तो चोरी का माजरा देखकर सन रह गया उसने इस मामले की शिकायत पुलिस चौकी पहुंचकर की और तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है उधर चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है चोरी का मामला संदिग्ध है।

# विमान हादसे में जान गवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** अहमदाबाद हवाई जहाज हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान और सभासदों ब कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। यह एक दुखद घटना थी जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। ऐसे हाद. सों में अक्सर तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि के कारण दुर्घटनाएं होती हैं।



हवाई जहाज में तकनीकी खराबी के कारण हुई दुर्घटना श्रद्धांजलि देना एक सम्मानजनक और संवेदनशील प्रतिक्रिया है। यह घटना हमें उन लोगों की याद दिलाती है जिन्होंने अपनी जान गंवा दी और उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करने का महत्व है।श्रद्धांजलि देना मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करने का एक तरीका है।यह मृतकों के प्रति सम्मान और श्रद्धा है। श्रद्धांजलि देना एकजुटता और समर्थन का प्रतीक है।

सुरक्षा उपायों को मजबूत करना और उनका पालन करना जरूरी है।।लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक होना और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित होना महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अहमदाबाद विमान दुर्घटनाग्रस्त पर श्रद्धांजलि दी



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** शनिवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन स्वार द्वारा अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर हुई मौतों पर शोक सभा का आयोजन पाशा मेडिकल हॉल पर किया गया। 241 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो जाने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और ईश्वर से दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष वाकर अली,उपाध्यक्ष मंसूर हसन,नईम अहमद ,महामंत्री मोहम्मद तारिक कोषाध्यक्ष जैनुल बशर, बब्लू, सचिव मोहम्मद खालिद, एडवोकेट मोहम्मद आकिल,बिलाल पाशा, मोहम्मद उजैर,मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद सूफियान,कैलाश बाबू,विजय सैनी,आदि केमिस्ट साथी मौजूद रहे ।

# एसडीएम व सीओ ने मानपुर में नैय्या नदी की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, किया श्रमदान



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** एसडीएम अमन देवल व सी ओ अतुल कुमार पांडे ने ग्राम पंचायत मानपुर उत्तरी पहुंचकर मनरेगा द्वारा नैय्या नदी की गुल साफ सफाई का निरीक्षण किया और श्रमदान किया वहीं प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार की दोपहर एसडीएम अमन देवल व सीओ अतुल कुमार पांडे कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला क्षेत्र के मानपुर उत्तरी पहुंचे और एसडीएम ने मनरेगा द्वारा की जा रही नैय्या नदी की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया श्रमदान कर अन्य विकास कार्य भी देखें ग्राम प्रधान साजिद हुसैन से गांव के अन्य विकास कार्यों के मामले में भी पूछताछ कर जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान वीडीओ ऋषिपाल सिंह टीका राम साजिद प्रधान सहित क्षेत्र के प्रधान मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की ओर से हो रहा है तीन दिवसीय मैगा कैम्प का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल,रामपुर पुराना पावर हाउस, नये रोडवेज के पास, बरेली रोड, रामपुर के कार्यालय प्रांगण में दिनांक 16, 17 एवं 18. 08.2025 को 03 दिवसीय मैगा कैम्प आयोजित होगा। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल रामपुर की ओर से उपभेक्ताओं को लाभ पुहॅचाने के लिए उक्त जानक. ारी देते हुए विभाग की ओर से बताया गया कि दिनांक 16, 17 एवं 18.06.2025 को अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, पुराना पावर हाउस, नये रोडवेज के पास, बरेली रोड, रामपुर के कार्यालय प्रांगण में 03 दिवसीय मैगा कैम्प (समय प्रात: 10 बजे से सायं 05 बजे तक) का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें



सम्मानित उपभोक्ताओं के नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं व आर.एम.एस. पोर्टल (रेड पोर्टल) पर पोस्ट किये गये बिजली चोरी के प्रकरणों में किये गये राजस्व निर्धारण के संशोधन का कार्य जहां आवश्यक हो सुनवाई कर निस्तारण किया जाना है। अत: सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील है कि वह उक्त तिथियों में अपनी विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु मैगा कैम्प में उपस्थित होकर समस्याओं का निस्तारण कर, लाभ उठायें।

# सैफनी में प्रशासन का चला बुलडोजर, अवैध निर्माण गिराया



( मुफीद हुसैन )
शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** शनिवार को प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए छितौनी मार्ग स्थित सरकारी जमीन (खर्रा भूमि) पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों ने इस सरकारी जमीन पर लंबे समय से कब्जा कर पक्के निर्माण कर रखे थे। इसकी शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन ने जांच कराई, जिसमें जमीन को सरकारी और कब्जा को अवैध पाया गया। हल्का लेखपाल राहुल कुमार ने बताया कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात था। इस कार्यवाही से अवैध कब्जेदारो में खलबली मच गई।

# स्वार-बाजपुर मार्ग चौड़ीकरण का मामला रविवार को अतिक्रमण हटाने का अंतिम दिन

## कुछ ग्रामीणों ने मार्ग के किनारे बनी दुकानों को पहले ही ध्वस्त किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** स्वार बाजपुर मार्ग चौड़ाइकरण का मामला अतिक्रमण हटाने के लिए रविवार को प्रशासन ने आखिरी मोहलत दी है शनिवार को फिर एसडीएम और कोतवाल ने अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण तोड़ने पर दबाव बनाया है। शनिवार को स्वार एसडीएम अमन देओल कोतवाल प्रदीप मालिक चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला दल बल के साथ नरपत नगर और बिजारखाता पहुंचे उन्होंने 16 जून से पहले मार्ग चौड़ाईकरण की



जद में आए अतिक्रमणकारियों से अपना अतिक्रमण हटाने के लिए दबाव बनाया कहां की 16 जून को किसी के साथ भी रियायत नहीं बरती जाएगी और मशीनों से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया जाएगा। जबकि अतिक्रमण की जद मे आए कुछ लोगों ने अतिक्रमण को खुद ही हटाना शुरू कर दिया है तमाम मकान और दुकानों को ध्वस्त किया जा रहा है शेष अतिक्रमणकारियों को प्रशासन तोड़ने के लिए दबाव बना रहा है प्रशासन का संकेत है की अतिक्रमण तोड़ने के लिए मशीनों का सहारा ना लेना पड़े। एसडीएम अमन देओल ने बताया की 50 फीसदी अतिक्रमण साफ हो चुका है 16 जून को ध्वंसतीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# कानूनी जानकारी देकर अधिकार मित्र कर रहे हैं लोगों की मदद




शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली शाहबाद में तैनात अधिकार मित्र विजय सिंह एक तरफ लोगों के प्रार्थना पत्र लिखकर उनकी मदद कर रहे हैं। दूसरी ओर आपसी विवादों में पड़कर लंबी चलने वाली कानूनी प्रक्रिया से उन्हें बचाने की सलाह भी दे रहे हैं। प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी विवाद आपसी समझौते से निपट जाए तो बेहतर है क्योंकि कानूनी प्रक्रिया लंबी चलती है और उसमें धन भी अधिक खर्च होता है और समय भी अधिक खर्च होता है।

### शादी में जा रहे वृद्ध को अचानक आया हार्ट अटैक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/ रामपुर।** ग्राम खरसोल के रहने वाले 70 वर्षीय नत्थू सिंह पुत्र गिरवर सिंह अपने बेटे के साथ शादी में जा रहे थे कि रास्ते में अचानक चकरपुर भूड़ के पास नत्थू सिंह को अटैक आ गया और वह रास्ते में गिरकर बेहोश हो गये। जयतोली रोड स्थित एफ. के. एम. हॉस्पिटल शाहाबाद की टीम केम्प करके वापस हॉस्पिटल आ रही थी इस दौरान इनको नत्थू सिंह बेहोशी की हालत में मिला। डॉक्टर की टीम ने गाड़ी रोककर बेहोश नत्थू सिंह को सीपीआर देते हुए प्राथमिक उपचार किया जिससे नत्थू सिंह को होश आ गया। एफ. के. एम. हॉस्पिटल जैतोली रोड शाहाबाद की टीम उसको अपने हॉस्पिटल में ले आयी और इलाज किया बताया जा रहा है कि नत्थू सिंह अब खतरे से बाहर हैं। इस दौरान डॉ. वारिस अली एवं हॉस्पिटल का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### भाजपा मिलक नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**मिलक/रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें ममता अत्री मंडल अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष योगेश पांडे, राम बहादुर, गंगवार, शांति स्वरूप शर्मा, तरुण सागर, शांति स्वरूप गंगवार, महावीर मौर्या को वनाया गया, नन्हें राम पांडे, विजयपाल राजपूत को मंडल महामंत्री बनाया गया है इसके अलावा बृजबाला शर्मा, वीरपाल गंगवार, अमरजीत सिंह माटा, बसंत कुमार और संजय रस्तोगी , रोशन लाल दिवाकर को मंडल मंत्री और नरेंद्र नाथ गोस्वामी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम AATIF KHAN था अब मैंने अपना नाम बदलकर ATIF KHAN S/o SHAHID KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**आतिफ खान पुत्र शाहिद खान**
**नि.मोह.घेर सकी तहसील सदर**
**जिला रामपुर ( उ.प्र. )**


# ई-रिक्शा यानी ट्रैफिक जाम जहां दिखी सवारी वहीं रोक दी गाड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर में ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या पब्लिक के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है खासकर नगर के तीन बत्ती चौराहा व अंबेडकर पार्क के पास तथा बिलासपुर रोड पर परेशानी वढ रही है। इस कारण ट्रैफिक सिस्टम बिगाड़ रहे हैं ई-रिक्शा चालकों की मनमानी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है जबकि अभियान भी जारी है। नगर के मुख्य मार्ग हो या फिर घना मार्केट का इलाका हर जगह यह राहगीरों की परेशानी का सबब बने हुए हैं इनके खिलाफ कभी भी कोई सख्त



कार्रवाई नहीं होती। इन्हें चौक चौराहे पर खड़े ट्रैफिक पुलिस का डर है ना पुलिस प्रशासन का इनकी मनमानी के स्तर इतना ज्यादा है कि ई-रिक्शा चालकों को जहां सवारी नजर आती है यह बिना आगे पीछे देखें ई-रिक्शा रोक देते हैं। इसके कारण जाम कि स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। नगर में इनका कोई रूट निर्धारण नहीं है वह उल्टा सीधे तरीके से ई रिक्शा चला कर भी जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

# नगर पालिका परिषद में हुआ योगाभ्यास

( इकरार हुसैन )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी रामपुर जिले में शुरू हो गई है। योगा शिक्षक प्रतीक्षा सक्सेना की देखरेख में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला योगा शिक्षक के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ के निर्देशन के संयोजन में नगर पालिका परिषद की पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार एवं अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में योगा की शिक्षक एवं ट्रेनर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल के पूर्व अभ्यास का प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर पालिका परिषद मिलक के परिसर में



संपन्न किया गया। इस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूक्ष्म व्यायाम (चालन क्रिया), ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन उष्ट्रासन, कपालभाति आदि का अभ्यास कराया गया। इस प्रशिक्षण में अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद योगा शिक्षक प्रतीक्षा सक्सेना अंशुल सक्सेना आदि रहे।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियन

● **डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता**






**लंदन, वार्ता।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फार्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है।

टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लाड्र्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नाटआउट रहे। मार्करम प्लेयर आफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी। 84वें ओवर की चौथी बाल पर काइल वेरियन ने एक रन लेकर साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत दिला दी। टीम पहली बार क्रिकेट के किसी फार्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनी है। साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टाइटल जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। 84वें ओवर की तीसरी बाल पर काइल वेरियन को जीवनदान मिला। स्टार्क के ओवर की तीसरी बाल वेरियन के बैट का बाहरी किनारा लेकर विकेट कीपर एलेक्स के दस्तानों पर गई। कैच हुआ, लेकिन फील्ड अंपायर्स ने वेरियन को नाटआउट करार दिया। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस रिव्यू नहीं ले सके, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सभी रिव्यू पहले ही गंवा दिए थे। 81वें ओवर की आखिरी बाल पर साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 136 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ट्रैविस हेड ने शार्ट मिडविकेट पर कैच किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी नई बाल से जोश हेजलवुड बालिंग करने आए। साउथ अफ्रीकी पारी के 80 ओवर पूरे होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने नई बाल की मांग की। बाल बदलने के बाद उन्होंने जोश हेजलवुड को ओवर सौंपा। 282 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 75वें ओवर की पहली बाल पर बेडिंघम ने एक रन लेकर टीम स्कोर 250 पार पहुंचाया। 71वें ओवर द. अफ्रीका ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां ट्रिस्टन स्टब्स 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपने ओवर की तीसरी बाल पर बोल्ड कर दिया। पिछली बाल पर स्टब्स विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच होने से बचे थे। यहां ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू भी गंवाया। 69वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट होने से बच गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क के ओवर की आखिरी बाल पर मिड आफ की ओर से खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। पैट कमिंस ने तेजी से आकर बाल नान स्ट्राइक एंड पर थ्रो की। यह थ्रो स्टंप पर नहीं लगा और स्टब्स आउट होने से बच गए। अगर बाल स्टंप पर लगती तो स्टब्स को पवेलियन लौटना पड़ता। अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 59वां ओवर डाल रहे कमिंस ने कैच आउट कराया और शतकीय साझेदारी को तोड़ी। ओवर की आखिरी बाल पर बावुमा को एलेक्स कैरी ने कैच किया।

## चोटिल स्टीव स्मिथ ने नहीं करायी सर्जरी

### विंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने में संशय

**लंदन, वार्ता।** लॉड्र्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन शुक्रवार को कैच लेने के दौरान अंगुली में चोट खाने वाले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने कम्पाउंड डिस्लोकेशन की सर्जरी से बचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने के लिए उन्हें अभी भी समय की कमी का सामना करना पड़ सकता है। तेम्बा बावुमा का तेज कैच लपकने के प्रयास मे स्मिथ चोट खा बैठे थे। मैदान से बाहर निकलते ही वह सीधे अस्पताल गए जहां घाव को साफ किया गया, टांके लगाए गए और उंगली को स्प्लिंट में रखा गया और यह समझा जाता है कि अगर वह स्प्लिंट के साथ ऐसा करने में सक्षम हैं तो वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे, जिसे उन्हें आठ सप्ताह तक पहनने की आवश्यकता होगी, हालांकि घाव के लगभग एक पखवाड़े में ठीक होने की उम्मीद है। मैदान में उन पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन करने की आवश्यकता होगी और यह स्लिप में क्षेत्ररक्षण करने की उनकी क्षमता को बाधित कर सकता है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

● **बीसीसीआई और ईसीबी ने अहमदाबाद दुर्घटना के कारण लिया फैसला, पहला टेस्ट 20 जून से**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित कर दिया गया है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद यह इस आयोजन को स्थगित करने (या शायद इसे पूरी तरह से रद्द करने) का फैसला लिया गया है। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लाड्र्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। ईसीबी के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। बीसीसीआई अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इर्ं तखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

## जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग आज से शुरू

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़-आधारित रग्बी लीग जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का पहला संस्करण 15 जून से शुरु होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग में कुल 34 मैच खेले जायेंगे, जिसमें चार दिन तीन गेम खेले जाएंगे, जबकि प्रत्येक दिन दो गेम होंगे। प्रतियोगिता का फिनाले 29 जून को निर्धारित है। सभी मैच मुंबई के शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में होंगे। लीग में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स, चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज़, हैदराबाद हीरोज, कलिगा ब्लैक टाइगर्स और मुंबई ड्रीमर्स फ्रेंचाइजी की टीमे हिस्सा लेंगी। लीग में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड, यूएसए और स्पेन के 30 मार्की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे इसके अलावा, कनाडा, हांगकांग और जर्मनी के 18 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। लीग में 71 की नीलामी पूल से चुने गए 30 भारतीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। लीग में खेल के सर्वश्रेष्ठ कोच भी शामिल होंगे, जिनमें माइक फ्राइडे (पूर्व यूएसए 7 हेड कोच), बेन गॉलिग्स (इंग्लैंड 7 लीजेंड, पूर्व फिजी 7 हेड कोच), डीजे फोर्ब्स (न्यूजीलैंड 7 आइकॉन), टॉमासी कामा (न्यूजीलैंड 7 हेड कोच, न्यूजीलैंड 7 लीजेंड), पाको (स्पेन 7 हेड कोच) और टिम (ऑस्ट्रेलिया महिला 7 हेड कोच) शामिल हैं। इस अवसर पर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होने जा रहा है।

## 10मीटर एयर पिस्टलः सुरुचि ने विश्व कप में जीता गोल्ड मेडल



● **ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट को हराया भारत की झोली में आया टूर्नामेंट में पहला गोल्ड**

**म्यूनिख, वार्ता।** विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की नेशनल चैंपियन सुरुचि ने म्यूनिख में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने फाइनल में 241.9 अंक हासिल किए और पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट कैमिल जेद्रजेवस्की को 0.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया। कैमिल जेद्रजेवस्की को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं, चीन की याओ चियानशुआन ने ब्रान्ज मेडल जीता। सुरुचि का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड सुरुचि का लगातार तीसरे वर्ल्ड कप स्टेज में गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स और लीमा में हुए वर्ल्ड कप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। ब्यूनस आयर्स उनका पहला इंटरनेशनल वर्ल्ड कप था। हरियाणा की रहने वाली सुरुचि ने पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर चैंपियन बनी थी। सुरुचि पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में चैंपियन बनी थी। सुरुचि शुरुआती सीरीज में टाप पर रही सुरुचि ने फाइनल में शुरुआती सीरीज में 52.1 अंक लेकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरी पांच- शाट सीरीज के अंत तक वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। 11वीं शाट में 9.7 के स्कोर के बाद वह चौथे स्थान पर आ गईं। उसके बाद उन्होंने वापसी की। यहीं से उनके प्रदर्शन में तेजी आई। 12वीं शाट में शानदार 10.8 स्कोर कर उन्होंने फिर से बढ़त हासिल की। वहीं, 18वीं शाट में कैमिल और याओ ने बढ़त बना ली। इसके बाद याओ ने अपनी 22वीं शाट में 9.4 स्कोर किया, जिससे सुरुचि कैमिल के पीछे दूसरे स्थान पर आ गईं। अंतिम दो शाट में वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। 23वीं शाट में सुरुचि ने 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय शूटर 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी शाट में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीत लिया।

## बदले गए बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियम

● **गेंद को एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे, अक्टूबर 2026 में एमसीसी में शामिल किए जाएंगे**




**लंदन, वार्ता।** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव किए हैं। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बाल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित हैं। यह बदलाव एमसीसी अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा, जबकि आईसीसी अगले महीने से इस नियम को शामिल कर लेगा। 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से यह नियम लागू हो जाएगा।

बाउंड्री के बाहर जाकर बाल उछाली तो 2 कंडीशन रहेंगी-पहली- पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा। दूसरी- किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बाल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बाल उछालने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो। बिग बैश लीग में माइकल नेसेर के बाउंड्री कैच पर उठा था सवाल 2023 में बिग बैश लीग (बीबीएल) में माइकल नेसेर ने बाउंड्री पर एक कैच पकड़ा था, जिस पर सवाल उठे थे। इसके बाद ही आईसीसी ने मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) को कैच के नियमों की समीक्षा करने के लिए कहा था। नेसेर के कैच के बारे में बताते हुए एमसीसी ने कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले ष्बनी हापष किया। बनी हाप मतलब जब कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर जाने के बाद हवा में उछलकर गेंद को अंदर फेंककर कैच पकड़ता है। हालांकि यह नियम के मुताबिक था, लेकिन नोट में कहा गया कि ऐसा लगा कि हकीकत में फील्डर ने बाउंड्री के काफी बाहर जाकर गेंद को उछाला और फिर कैच लिया था। माइकल नेसेर ने बीबीएल 2023 के दौरान एक शानदार बाउंड्री कैच लिया, लेकिन अब ऐसे प्रयास कैच नहीं माने जाएंगे। 2020 में भी बीबीएल में मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट को लेकर उठा था सवाल साल 2020 में बीबीएल में हाबर्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट के बीच खेले गए मैच के दौरान भी मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट होने को लेकर सवाल उठे थे। दरअसल पहली पारी में हाबर्ट हरिकेंस के कप्तान वेड ने 15वें ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्री पर शाट खेल दिया। बाउंड्री पर खड़े ब्रिसबेन हीट के मैट रैनशा ने हवा में उड़कर गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया।

## अवनि प्रशांत हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर

**हुलेनकोर्ट, वार्ता।** भारत की अवनि प्रशांत ने यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर दूसरे स्थान पर कब्जा बनाये रखा है। दूसरे दौर में अवनि का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। अवनि के अलावा कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी हैं।

## नेपाल-वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक टी-20 सीरीज सितम्बर में

**एंटीगुआ, वार्ता।** नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार सितम्बर के अंत में शारजाह में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी। यह सीरीज वेस्टइंडीज को 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खुद को तैयार होने का मौका देगी। ये मैच रोहित पौडेल की टीम के लिए एशिया/ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर अभियान से पहले अंतिम तैयारी होगी।

## भारत को मिलेगा अभ्यास करने का फायदाः कृष्णा



● **इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हूं**

**बेकेनहैम, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट श्रृखंला से पहले उनकी टीम को अभ्यास मैचों में खेलने का फायदा मिलेगा।

बीसीसीआई टीवी से बात. चीत में कृष्णा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ अभ्यास मैच खेलने का फायदा निसंदेह टीम को मिलेगा। हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है।

यह एक बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने यहां अच्छी गेंदबाजी की है जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया है। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल में अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल करने वाले तेज गें. दबाज ने उम्मीद जाहिर की कि इंग्लैंड में मौका मिलने पर वह अपनी फार्म को बरकरार रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मैने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है।

अब इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। कृष्णा ने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना है कि विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद की जाये। आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय महिला टीम घोषित कर दी है। टीम में स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। आईसीसी महिला वनडे और टी-20 गेंदबाज रैंकिग में क्रमशः नंबर 1 और नंबर 4 पर रहीं एक्लेस्टोन ने क्रिकेट से अस्थायी ब्रेक के बाद वापसी की है। वेस्टइंडीज पर टी-20 और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत के बाद इंग्लैंड की टीम पहले से ही आत्मविश्वास से भरी हुई है। इस सीरीज से चार्लोट एडवर्ड्स के मुख्य कोच और नेट साइवर-ब्रंट की कप्तानी की सफल शुरुआत हुई है। पिछले महीने वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर की भी टीम में वापसी हुई है। आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिग में तेजी से आगे बढ़ रही एमी जोन्स को भी टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड टीम : एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), पैगे स्कोल्फील्ड, लिसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग। एडवर्ड्स ने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर की।




नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

# ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

## खामेनेई ने सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा

**तेहरान।** इजरायली हमलों में अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने नए अफसरों की तैनाती कर दी है। ईरान के कमांडर इन चीफ अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा है।

खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को ईरानी सेना का मुख्य कमांडर बनाया है। जबकि मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ आफ स्टाफ बनाया है। मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। अपने आदेश में अयातुल्ला अली खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सेना में परिवर्तनकारी और



क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इसके अलावा खामेनेई ने इजरायली हमले में पूर्व चीफ आफ स्टाफ आफ द आर्म्ड फोर्सेज (सीएसएएफ) जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को चीफ आफ स्टाफ बनाया है। आदेश में खामेनेई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद

■ मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया
■ मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं

अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवा और अनुभव के मद्देनजर उनको सशस्त्र बलों के चीफ आफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया जाता है। इजरायली हमलों में लेफ्टिनेंट जनरल होसैन सलामी की मौत के बाद मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर को आईआरजीसी का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया। खामेनेई ने कहा कि मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर की सराहनीय सेवाओं और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया जाता है। अयातुल्ला अली खामेनेई ने लेफ्टिनेंट जनरल घोलामाली रशीद की मौत के बाद मेजर जनरल अली शादमानी को खतम अल-अनबिया (पीबीयूएच) सेंट्रल मुख्यालय का कमांडर नियुक्त किया गया है। इजरायल के हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हुई है। इसमें आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी, ईरान के सशस्त्र बलों के पूर्व चीफ आफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। इसके अलावा आईआरजीसी की वायु सेना के प्रमुख आमिर अली हाजीजादेह की भी मौत हो गई। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए।

# तेहरान ने दिया वॉशिंगटन को अल्टीमेटम

## इजरायल पर हमला जारी रहेंगे, पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा ईरान

**तेहरान/संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की सेना ने कहा है कि वह इजरायल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'फ़ार्स न्यूज़' ने शनिवार को एक अज्ञात्ु ोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया।

सूत्र ने एजेंसी को बताया कि यह युद्ध इज़रायली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था। अब यह इजरायल द्वारा कब्जा किए गए सभी क्षेत्रों और उस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों तक फैल जाएगा। हमलावरों को ईरान से निर्णायक और बड़े पैमाने पर जवाब मिलेगा। फ़ार्स न्यूज़ के अनुसार सेना के आत्मघाती अरेश ड्रोन कथित तौर पर 'कब्जे वाले क्षेत्रों' में इज़रायल में लक्षित लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक हमला करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि प्रतिक्रिया (जिसका कोड नाम ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस आईआईआई था) में एयरोस्पेस डिवीजन ने सिलसिलेवाल मिसाइलें दागीं और रणनीतिक इज़राईली लक्ष्यों के खिलाफ सशस्त्र ड्रोन तैनात किए। बयान में कहा



■ इजरायल से बातचीत करना अब अर्थहीन है, अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था हमला

■ आईएईए के महानिदेशक ग्रॉसी ने ईरान पर इजरायली हमलों के बाद संयम बरतने का आह्वान किया

गया है कि ऑपरेशन में 'सटीक और स्मार्ट हथियार प्रणालियों के संयोजन' का इस्तेमाल किया गया, विशेष रूप से इज़राइली सैन्य केंद्रों और एयरबेसों को लक्षित किया गया, जहां से शासन ने अपने आपराधिक आक्रमण की शुरुआत की थी। एजेंसी ने कहा कि ईरान इज़रायल पर हमला करना जारी रखेगा और पहले उठाए गए कदमों तक खुद को सीमित नहीं रखेगा। वहीं ईरान ने इजरायल पर अपने क्षेत्र में हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि इस समय उससे किसी भी तरह की बातचीत करना 'अर्थहीन' है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने 'तस्नीम समाचार' एजेंसी से बातचीत में अमेरिका पर इजरायल के हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था।

बाकेई ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हाल के महीनों में अमेरिका की ओर से की गई वार्ता के बारे में कहा कि दूसरे पक्ष ने इस तरह से काम किया है कि बातचीत निरर्थक हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल को चेतावनी दी है कि उसके हमले में देश के सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल हमारे घातक हमले और 'कड़ी सज़ा' के लिए तैयार रहे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उसके क्षेत्र में हमले होते रहेंगे। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमलों के बाद अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया। ग्रॉसी ने सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि मैं दोहराता हूं कि परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा और संरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी सैन्य कार्रवाई ईरान क्षेत्र और उससे परे के लोगों के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान से बचाने के लिए संदर्भ या परिस्थितियों की परवाह किए बिना परमाणु सुविधाओं पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों का परमाणु सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

### ईरान के अराश ड्रोन ने इजरायल के ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान के अराश कामिकेज़ ड्रोन ने शनिवार सुबह सटीक निशाना साधते हुए इजरायल में ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया।

ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट बताया है कि अराश एक मानव रहित हवाई वाहन या फिर ड्रोन है जिसकी परिचालन सीमा 2000 किलोमीटर से अधिक है। इसे ईरान के सैन्य विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि उसने इज़रायल में सैन्य केंद्रों और हवाई ठिकानों सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है। ईरान ने इजरायल के हवाई हमलों के बदला लेने के लिए इसे शुरू किया है। गौरतलब है कि इजरायल की ओर से किए गए हमले में ईरान के कई शीर्ष रैंकिंग वाले सैन्य कमांडर, प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक और निर्दोष नागरिक मारे गए थे। ईरान की सेना ने कहा है कि कई अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सफलतापूर्वक कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रवेश किया और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने कब्जे वाले फ़लस्तीन में इजरायल के कई ठिकानों पर कम से कम पांच बैलिस्टिक मिसाइल दागे हैं। इसके कारण देर रात से शनिवार तड़के तक इज़रायल में अलर्ट सायरन लगातार बजते रहे। ईरानी मीडिया में फुटेज में कब्जे वाले क्षेत्रों में व्यापक मलबे को दिखाया गया है। वहीं, इज़राइल की मीडिया ने इस तबाही को इतिहास में अभूतपूर्व बताया है।

# ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने पर फैला रेडिएशन

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा ऐजेंसी ने किया दावा

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निद. ेशक राफेल ग्रोसी ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने पर रेडिएशन और केमिकल लीक हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए राफेल ग्रोसी ने यह जानकारी दी। ग्रोसी ने कहा कि इजरायली हमले में नतांज परमाणु ठिकाने के ऊपरी और जमीनी ढांचा तबाह हो गया है। हालांकि जमीन के भीतर मौजूद यूरेनियम संवर्धन केंद्र को नुकसान पहुंचने के कोई संकेत अभी नहीं मिले हैं।

हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से सेंट्रीफ्यूज प्रभावित हुए होंगे। नतांज साइट पर रेडियोएक्टिव और केमिकल प्रदूषण हुआ है। ग्रोसी ने बताया कि साइट के बाहर मौजूद रेडिएशन सामान्य स्तर का है और उससे पर्यावरण और लोगों को कोई नुकसान नहीं होगा। ग्रोसी ने कहा कि परमाणु केंद्र के भीतर जो रेडिएशन मौजूद है, वह अल्फा पार्टिकल्स हैं, जिन्हें सुरक्षा प्रबंधों से मैनेज किया जा सकता है। एजेंसी ईरान के परमाणु रेगुलेटरी अथारिटी के लगातार संपर्क में है और नुकसान की समीक्षा कर सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। ग्रोसी के अनुसार, ईरान ने उनके परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों की जानकारी दी, जिनमें फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट और एसफहान काम्पलेक्स शामिल हैं। इन केंद्रों का इस्तेमाल यूरेनियम संवर्धन के लिए किया जा रहा है। एजेंसी के प्रमुख ने परमाणु केंद्रों पर हमले पर चिंता जाहिर की और कहा कि परमाणु केंद्रों पर कभी भी हमले नहीं होने चाहिए क्योंकि इससे लोगों के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इस तरह के हमले परमाणु सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ईरान की राजधानी तेहरान से 241 किलोमीटर दूर स्थित नतांज परमाणु केंद्र ईरान का यूरेनियम संवर्धन के लिए सबसे अहम केंद्र है। ईरान फिलहाल 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन इसी केंद्र पर कर रहा है। आपरेशन राइि. जंग लायन के जरिए इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों के साथ ही 200 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ईरान के परमाणु केंद्रों को तो नुकसान पहुंचा ही है, साथ ही ईरान की सेना के कई शीर्ष कमांडर और दो परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

# पिज्जा के बढ़े ऑर्डर से हुआ दिलचस्प खुलासा!

## पेंटागन से मिले कुछ खास संकेत

**वाशिंगटन।** इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने चरम की तरफ पहुंचता दिख रहा है, जब इजरायल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक की तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इजरायल ने अमेरिकी को जानकारी नहीं दी। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ईरान पर इजरायल के हमले के बारे में 'सबकुछ' पता था।

जब यह पूरा घटनाक्रम शुरू भी नहीं हुआ था तब अमेरिका के सैन्य कार्यालय-पेंटागन में कुछ ऐसा हो रहा था, जिससे दुनिया में कहीं न कहीं कुछ बड़ा होने के संकेत मिलने लगे थे। यह है अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में पिज्जा आर्डर्स होना। फिलहाल तो इसे थ्योरी ही माना जा रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि




अमेरिका को पहले से थी इजरायल के ईरान पर हमले की भनक

पेंटागन में जब कभी ऐसा होता है तब वैश्विक संकट के पैदा होना लगभग तय होता है। इस खास घटनाक्रम को अमेरिका में 'पिज्जा इंडेक्स' का नाम तक दिया गया है। एक्स पर एक अकाउंट है। नाम है- पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट। यह अकाउंट अमे. रिका के आर्लिंग्टन काउंटी में मौजूद पिज्जा डिलीवरी आउटलेट्स में पिज्जा के ऑर्डरों और डिलीवरी की निगरानी रखता है। आर्लिंग्टन काउंटी, वर्जीनिया राज्य में वही जगह है, जहां पेंटागन का दफ्तर है। पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट नाम के अकाउंट का दावा है कि वह स्थानीय पिज्जा की दुकानों पर नजर रखता है और अगर गूगल मैप्स पर इन आउटलेट्स के बाहर जाम की स्थिति या सड़क के व्यस्त होने की स्थिति दिखती है, तो इसका मतलब है कि दुनिया में कहीं कुछ बड़ा होने वाला है।

# विलशायर संघीय भवन की सुरक्षा के लिए 200 मरीन तैनात

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सरकार ने आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद विलशायर फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में 200 से अधिक मरीन तैनात किए हैं।

'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना के मेजर जनरल स्कॉट शेरमेन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मरीन को नागरिकों के उपद्रव को नियंत्रित करने का पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हालांकि संघीय इमारत की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, इसलिए वे केवल उस बिंदु तक ही अशांति को नियंत्रित करेंगे। कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे। शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जिसमें कैलिफोर्निया आर्मी नेशनल गार्ड के 4,000 से

■ शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं

अधिक सैनिक और करीब 700 मरीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार से तैनात किए गए नेशनल गार्ड सैनिकों ने भी कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लिया है। इनके यहां पहुंचने के बाद से कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ है। उन्होंने संघीय कानून प्रवर्तन कर्मियों ने प्रदर्शनकर्मियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य 500 तैनात मरीन को लॉस एंजिल्स में क्या कार्यभार सौंपा जाएगा। शेरमैन ने कहा कि वह भविष्य के अभियानों के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते, लेकिन हालिया प्रशिक्षण संघीय संपत्ति की रक्षा पर केंद्रित रहा है।

# ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा।

वहीं इजरायल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनका ईरान पर हमले में कोई हाथ नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने



कहा कि इजरायल ने उनके हथियारों का इस्तेमाल करके ही ईरान के परमाणु केंद्रों और बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों पर हमला किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे खतरनाक हथियार बनाता है। इजरायल के पास ऐसे बहुत सारे हथियार हैं और उन्हें ये भी पता है कि इन हथियारों का कैसे इस्तेमाल करना है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद अमेरिका ने अपने युद्धक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। ये बदलाव इजरायल की मदद के लिए किया गया है। अमेरिका का डेस्ट्रायर यूएसएस थामस हडनर भूमध्यसागर की तरफ रवाना हो गया है। एक और डेस्ट्रायर भी पूर्वी भूमध्य सागर की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है।

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा: एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा।

रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात लगभग आठ प्रतिशत घटकर 19. 33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा।

रिपोर्ट में एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है 'रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की अपनी स्थिति को बनाये रख सकता है।' संगठन के पूर्वानुमानों के अनुसार, 2024-25 कृषि वर्ष में रूस से गेहूं का निर्यात 4.26 करोड़ टन होगा, जो पिछले तीन साल के उसके औसत वार्षिक निर्यात 4.20 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। अगले फसल वर्ष में यह बढ़कर 4.65 करोड़ टन तक पहुंच सकता है।

# चीन में चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और साल के इस पहले तूफान से देश के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवाएं और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तूफान आज तड़के पांच बजे 19.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 108.8 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। अभी तूफ़ान 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और इसके दोपहर तक दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के लेइझोउ से गुआंग्शी के बेइहाई तट तक पहुंचने के आसार हैं।

# विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक जारी

## अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को दे रहे हैं श्रद्धांजलि

**वाशिंगटन/लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है।

वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमे. रिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया। गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स आफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच

■ इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया

व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डा. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डा. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डा. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि त्रासदी ने हमारे दिल को तोड़ दिया है। हमारी प्रार्थनाएं एअर इंडिया के यात्रियों के परिवारों, मेडिकल छात्रों, सिविल अस्पताल के निवासियों और कर्मचारियों तथा इसके अधीक्षक डा. राकेश जोशी के साथ हैं।

# सिडनी में घर में आग लगने से एक महिला की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के सिडनी में शुक्रवार रात एक घर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और एक पुरुष को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सिडनी के इनर-वेस्ट में पीटरशैम में एक घर में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11:50 बजे लग लगी। पुलिस ने आस-पास के घरों को खाली कराया, जबकि अग्निशमन और बचाव दल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। घर के अंदर एक महिला (82) का शव मिला जबकि दूसरे 57 वर्षीय व्यक्ति का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।



# महज 500 रुपये लेकर मुंबई जा पहुंची थी दिशा पाटनी

**वर्षों तक परेशान रहीं थी नेशनल क्रश कही जाने वाली दिशा**

**मुंबई।** दिशा पाटनी बॉलीवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मानी जाती हैं। उनके बोल्ड अंदाज और स्टाइलिश लुक के लिए कई लोग उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी में प्रियंका झा के किरदार से दिशा ने सबका दिल जीता, वहीं मलंग, भारत और राधे जैसी फिल्मों से उन्होंने पापुलैरिटी हासिल की।

दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वो एक कुमाऊंनी राजपूत परिवार से हैं। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी यूपी पुलिस में DSP रह चुके हैं और मां स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी। उनकी बड़ी बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना की पूर्व मेजर हैं और एक छोटा भाई सूर्यांश भी है। दिशा पाटनी को लोग भले ही फैशन आइकान मानते हों, लेकिन खुद दिशा इस टैग को मानने से इनकार करती हैं। रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, मैं थोड़ी टाम बाय हूं। बचपन में मेरे बाल आर्मी कट हुआ करते थे और मैं लड़कों जैसी दिखती थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें आरामदायक कपड़े पहनना पसंद हैं, जैसे बास्केटबाल शार्ट्स, लूज हूडी और टी-शर्ट। दिशा शुरू से पढ़ाई में तेज थीं। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ से बायोटेक्नोलाजी में इंजीनियरिंग शुरू की थी, लेकिन दूसरे साल में ही ग्लैमर की दुनिया में किस्मत आजमाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। 2018 में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए दिशा पाटनी ने कहा था, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं।

शायद उस वक्त मैं तैयार नहीं थी। मैंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और मुंबई आ गई थी। एक कॉलेज की लड़की के लिए एक नए शहर में आना, जहां कोई जान-पहचान न हो, आसान नहीं था। मैं अकेले रह रही थी, अपने पैसे खुद कमा रही थी और कभी भी अपने परिवार से पैसे नहीं मांगे। मैं सिर्फ रु. 500 लेकर मुंबई आई थी और कुछ समय बाद मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं बचे थे। दिशा पाटनी ने आगे कहा था, मैं बहुत सारे आडिशन देती थी, ज्यादातर टीवी विज्ञापनों के लिए। मेरे ऊपर लगातार यह प्रेशर होता था कि अगर इस महीने कोई काम नहीं मिला, तो किराया कैसे दूंगी। उस समय मुझे जो भी काम मिला, वो सिर्फ काम था, जब तक कि मुझे एक्टिंग से प्यार नहीं हो गया। दिशा पाटनी ने यह भी कहा था कि उन्हें करियर की शुरुआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े। उनकी पहली फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था, लेकिन वह मानती हैं कि हर रिजेक्शन इंसान को मजबूत बनाता है।

# पांच साल बाद स्क्रीन पर होगी काजोल की वापसी



**मुंबई।** 27 जून को काजोल फिल्म मां के जरिए बड़े पर्दे पर अपना कमबैक कर रही हैं। वो पांच साल के गैप के बाद स्क्रीन पर दिखने वाली है। इस बीच में उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्म पर अपना डेब्यू किया और कई अच्छे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में काजोल ने अपने कमबैक, ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और पति अजय के साथ काम करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। शैतान में अजय ने जिम्मेदार पिता का रोल निभाया था। इसकी अगली कड़ी में मां के रूप में आप हैं। क्या इस ट्राइलाजी की अगली फिल्म में आप दोनों साथ दिखेंगे? वैसे तो पता नहीं लेकिन आपके मुंह में घी-शक्कर। हम जरूर आपकी विश पूरी करने की कोशिश करेंगे। अजय बहुत अच्छे और जिम्मेदार प्रोड्यूसर हैं। वो बहुत ज्यादा इंवाल्वड रहें। वो उन प्रोड्यूसर में से नहीं हैं कि चलो बस पेपर साइन कर दिया। स्क्रिप्ट, फिल्म का क्लाईमैक्स, वीएफएक्स इन सबमें अजय बहुत ज्यादा शामिल थे। वीएफएक्स तो एक अलग ही फिल्म है, जिसमें आपको सब कुछ इमेजिन करना पड़ता है। अजय ने सब कुछ अच्छे से किया। मैं बहुत ज्यादा डरती हूं इसलिए मैं हारर फिल्में देखती नहीं हूं। हारर फिल्म में काम कर लिया है।

# वायरल हो गया सिद्धांत और चै-सू बिन का रोमांटिक वीडियो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और साउथ कोरिया की मशहूर अभिनेत्री चै सू-बिन इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए।

सिद्धांत चतुर्वेदी और चै सू-बिन हाल ही में एक इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए। यह विज्ञापन फिल्मी अंदाज में शूट किया गया है, जिसमें बारिश में उनकी मुलाकात किसी रोमांटिक के-ड्रामा जैसी लग रही है। जैसे ही यह विज्ञापन सामने आया, सोशल मीडिया पर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस विज्ञापन को सबसे पहले एक जापानी अकाउंट से शेयर किया गया था और बैकग्राउंड में इंग्लिश इंडी-पॉप गाना बज रहा था। यह कॉम्बिनेशन पूरी दुनिया में छा गया।

# बिपाशा ने बॉडी रिमार्क करने वालों को दिया करारा जवाब

**मुंबई।** बिपाशा बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बाडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती। दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था।

मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ए सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी।

अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी। हम महिलाएं कोई नहीं रोक सकता। बिपाशा और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी की थी। शादी के 6 साल बाद बिपाशा ने बेटी देवी को जन्म दिया था।




# कैंसर सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका कक्कड़

**मुंबई।** हाल ही में दीपिका कक्कड़ का सेकेंड स्टेज लिवर कैंसर की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के 11 दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। घर आकर बेटे रूहान से मिलकर वो काफी खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो फैंस को हेल्थ अपडेट दे रही हैं। साथ ही उन्होंने ट्रीटमेंट में जुड़े सभी डाक्टर्स और फैंस को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया कहा है। दीपिका अपने इंस्टाग्राम पर लिखती हैं- 11 दिन हो गए हैं और अब मैं घर पर हूं। ट्यूमर से फ्री, लेकिन अभी यह ट्रीटमेंट का बस एक हिस्सा था। बाकी का इलाज आने वाले टाइम में होगा। मुझे भरोसा है कि मैं इससे निकल जाऊंगी। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था। वो आगे लिखती हैं-11 दिन मुश्किल थे लेकिन हमारे आसपास शानदार लोग थे, जिनकी वजह से चीजें आसानी से हो गईं। तकलीफ तो हुई लेकिन कोकिलाबेन अस्पताल में सबने बड़े प्यार और गर्मजोशी से इसे हैंडल किया।




# कई फिल्मों से धमाल मचाने वाले हैं पुलकित

**मुंबई।** पुलकित सम्राट ने अपनी फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर की है। वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर पुलकित ने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर की और अपने इस आइकॉनिक किरदार को याद किया। उन्होंने लिखा, सावधान: यह हनी 12 साल की मीठी यादों के साथ आता है। फुकरापंती जारी रहे। अपने फुकरे परिवार, पूरी कास्ट, क्रू और उन सब जुगाड़ू दिमागों को ढेर सारा प्यार और सबसे बड़ा धन्यवाद हमारे दर्शकों को, जिन्होंने हमारी इस पागलपंती को इतना यादगार बना दिया। ढेर सारा प्यार और शुक्रिया। 12 इयर्स ऑफ फुकरे। फिल्म में पुलकित का किरदार हनी, जो स्मार्ट भी है, जुगाड़ू भी और दिल का अच्छा भी, लोगों के दिलों में बस गया। उसकी दोस्ती, मस्ती और दिल से की गई जुगाड़बाजी ने पूरे एक जनरेशन को हंसी-खुशी से जोड़ दिया। फिल्म में हनी की जोड़ी चुचा, जफर, लाली और भोली पंजाबन के साथ मिलकर कहानी की जान बन गई और हिंदी फिल्मों में दोस्ती की कहानियों को नए सिरे से पेश किया। एक छोटी-सी मजेदार फिल्म से शुरू हुआ यह सफर अब एक पॉप-कल्चर बन चुका है। पुलकित अपने नए प्रोजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। ग्लोरी, जो एक बॉक्सिंग ड्रामा है, सुस्वागतम खुशामदीद, एक क्रॉस- कल्चर रोमांस और राहु केतु, जिसकी शूटिंग वह इस वक्त कसोल में कर रहे हैं।

